# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, शुक्रवार, 4 अप्रैल 2025

संवत 2082, चैत्र शुक्लपक्ष 6 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 209 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028


4 ▸▸ संसार को रामकथा का सार समझना होगा



कार्तिक आर्यन की फिल्म से आउट हुई श्रीलीला, इस बॉलीवुड अभिनेत्री ने छीना रोल ◂◂ 6

### रांची में एक बार फिर ईडी की दबिश

# बन्ना गुप्ता के पीएस के घर सहित कई जगहों पर आयुष्मान घोटाले को लेकर छापेमारी

**संवाददाता**



**रांची:** शुक्रवार सुबह प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने रांची में दबिश की है। पीपी कंपाउंड में इंश्योरेंस कंपनी पर ईडी की छापेमारी चल रही है। देवेंद झा के ठिकानों पर ईडी ने दबिश ने दबिश दी है। जिनके यहां छापेमारी चल रही हैं, उनमें अधिकांश वे लोग हैं जो मेडिकल प्रोफेशन से जुड़े हुए है।

रांची के कई ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है। रांची के लालपुर, मोरहाबादी, पीपी कंपाउंड, अशोक नगर, चिरौंदी में छापेमारी हो रही है। माना जा रहा है कि मेडिकल से जुड़ी कंपनी पर ईडी ने दबिश की है। आयुष्मान भारत स्कैम को लेकर ईडी ने छापेमारी की है। दरअसल, आयुष्मान भारत योजना में हुई गड़बड़ी के मामले में भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट (सीएजी) संसद में पेश की गयी थी। इसके बाद ईडी ने इसीआईआर दर्ज की थी।सीएजी की रिपोर्ट में झारखंड में आयुष्मान योजना में गड़बड़ी करने का उल्लेख किया गया था। इसमें मुर्दों का इलाज करने सहित अन्य प्रकार की गड़बड़ी का भी उल्लेख था। आयुष्मान घोटाला मामले में बन्ना गुप्ता के पीएस ओम प्रकाश, टीपीए व अन्य के कुल 21 ठिकानों पर ईडी की रेड चल रही है।

तलाशी अभियान के तहत पश्चिम बंगाल में दो, उत्तर प्रदेश में एक और दिल्ली में भी छापेमारी की जा रही है।

# झारखंड सरकार को रामनवमी के दौरान बिजली की आपूर्ति में कटौती करने की 'सुप्रीम' अनुमति



**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार को रामनवमी के दौरान बिजली की आपूर्ति में कटौती करने की अनुमति दे दी है। कटौती की मांग जुलूस के दौरान बिजली के झटकों (करंट लगने की घटनाओं) से बचने के लिए की गई थी। कोर्ट ने झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को संशोधित किया, जिसमें राज्य के अधिकारियों को धार्मिक जुलूसों के दौरान बिजली की आपूर्ति में कटौती करने से रोका गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने झारखंड सरकार से बिजली कटौती को न्यूनतम स्तर पर रखने और धार्मिक जुलूसों के मार्गों तक ही सीमित रखने को कहा।

कोर्ट ने सरकार से रामनवमी के दौरान नियोजित बिजली कटौती के दौरान अस्पतालों को आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा। कोर्ट ने झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के प्रमुख से हाईकोर्ट में हलफनामा दाखिल करने कर यह बताने को कहा कि बिजली कटौती न्यूनतम अवधि के लिए ही होगी।

# दिग्गज अभिनेता मनोज कुमार का 87 साल की उम्र में निधन

### 'भारत कुमार' नाम से थे मशहूर

**मुंबई :** भारतीय अभिनेता और फिल्म निर्देशक मनोज कुमार का शुक्रवार सुबह निधन हो गया। वे 87 साल के थे। उन्हें अपनी देशभक्ति फिल्मों के लिए जाना जाता था। उनकी देश प्रेम वाली फिल्मों के लिए उन्हें 'भारत कुमार' के नाम से भी जाना जाता था। उन्होंने कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। इस खबर के बाद पूरे देश में शोक की लहर है। दोपहर बाद विशाल टॉवर, जुहू में उनके अंतिम दर्शन किए जा सकेंगे। कल सुबह पवन हंस श्मशान घाट, जुहू में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।



मेडिकल रिपोर्ट के मुताबिक, 'भारत कुमार' के नाम से मशहूर अभिनेता ने सुबह 3:30 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की वजह दिल का दौरा बताई गई। रिपोर्ट ने यह भी पुष्टि की गई कि मनोज कुमार पिछले कुछ महीनों से डीकंपेंसेटेड लिवर सिरोसिस से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने के बाद उन्हें 21 फरवरी, 2025 को अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

भारतीय सिनेमा में मनोज कुमार के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्हें कई प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया था। उनके नाम एक राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार और अलग-अलग श्रेणियों में सात फिल्मफेयर पुरस्कार शामिल हैं। भारतीय कला में उनके अपार योगदान के सम्मान में सरकार ने उन्हें 1992 में पद्म श्री से सम्मानित किया। उन्हें 2015 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

# स्कूल पर हमला, 18 बच्चों सहित 29 लोगों की मौत



**गाजा:** गाजा शहर के पूर्व में स्थित आश्रय स्थल दार अल-अरकम स्कूल पर इजराइली हमले में कम से कम 29 फिलिस्तीनी मारे गए और 100 से ज्यादा लोग घायल हो गए है। हमास द्वारा संचालित गाजा मीडिया कार्यालय ने यह जानकारी दी। कार्यालय ने बताया कि मृतकों में 18 बच्चे, महिलाएं और बुजुर्ग शामिल हैं।

इस बीच गाजा के नागरिक सुरक्षा के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि स्कूल लगातार इजराइली बमबारी से बचने के लिए विस्थापित परिवारों को शरण दे रहा था। उन्होंने बताया कि आपातकालीन टीमें घटनास्थल पर पहुंचीं और मलबे से शवों को निकाला और घायलों का इलाज किया। स्थानीय लोगों ने बताया कि इजराइली सेना ने स्कूल पर तीन मिसाइलों से हमला किया। स्थानीय निवासी मोहम्मद अला ने कहा कि विस्फोट बहुत बड़ा था। कई लोग मारे गए और अन्य अभी भी मलबे के नीचे फंसे हुए हैं।

इजराइली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने गुरुवार को भी एक बयान में दावा किया कि उसने गाजा शहर के क्षेत्र में हमास कमांड और नियंत्रण केंद्र में प्रमुख आतंकवादियों पर हमला किया। बयान के अनुसार इस केंद्र का इस्तेमाल आतंकवादियों द्वारा इजरायली नागरिकों और आईडीएफ सैनिकों के खिलाफ हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने के लिए किया गया था। इजराइल ने 18 मार्च को दो महीने का युद्धविराम समाप्त कर दिया और फिलिस्तीनी एन्क्लेव पर घातक हवाई और जमीनी हमले फिर से शुरू कर दिए। गाजा स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि नए इजराइली हमलों में अब तक 1,163 फिलिस्तीनी मारे गए हैं और 2,735 अन्य घायल हुए हैं।

# महिला मजदूरों को ले जा रहा ट्रैक्टर कुएं में गिरा, 8 की मौत

### रेस्क्यू जारी, मौत की संख्या बढ़ने की आशंका



**नांदेड़ :** महाराष्ट्र के नांदेड़ में आज एक बड़ी घटना सामने आई है। यहां महिला मजदूरों को ले जा रहा एक ट्रैक्टर कुएं में गिर गया। इस घटना में 8 लोगों की मौत हो गई है। यह हादसा नांदेड़ के अलेगांव शिवरा में हुआ। आशंका जताई जा रही है कि कुछ महिलाएं कुएं में फंसी हो सकती हैं। घटनास्थल पर फिलहाल बचाव कार्य जारी है।

जानकारी के मुताबिक, घटना नांदेड़ इलाके के अलेगांव में सुबह करीब 9 बजे घटी। हिंगोली जिले में एक ट्रैक्टर पर सवार होकर महिला मजदूर हल्दी की कटाई के लिए खेत की तरफ जा रही थीं। रास्ते में कुआं था, इसका अंदाजा ड्राइवर को नहीं था। परिणामस्वरूप ट्रैक्टर सीधे कुएं में जा गिरा। जैसे ही ट्रैक्टर कुएं में गिरा, वहां चीख-पुकार मच गई। घटना के बाद वहां से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने सूचना प्रशासन को दी। इसके बाद प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची। घटना में 8 लोगों की तो मौके पर ही मौत हो गई। कई महिलाएं कुएं में डूब गईं। इसलिए मौत का आंकड़ा अभी स्पष्ट नहीं है। जबकि, कुएं में गिरी अन्य महिलाओं का रेस्क्यू जारी है। रेस्क्यू टीम रस्सी की मदद से महिलाओं को कुंए से बाहर निकाल रही हैं। बचाव अभियान के दौरान कुछ महिलाओं को पानी से बाहर निकाला गया है।

### टला बड़ा हादसा

# इंजन का पहिया जाम होने के कारण 50 मीटर तक क्षतिग्रस्त हुई पटरी,आग लगने से बाल-बाल बची ट्रेन



**सहारनपुर:** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में देहरादून से नई दिल्ली जा रही जनशताब्दी एक्सप्रेस शुक्रवार सुबह (4 अप्रैल) करीब 8:30 बजे नांगल रेलवे स्टेशन के पास अचानक जाम हो गई। ट्रेन बीच रास्ते में रुक गई और इसके इंजन का एक पहिया जाम होने के कारण करीब 50 मीटर रेल पटरी क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रैक का कांटा भी टूट गया। गनीमत यह रही कि ट्रेन में आग नहीं लगी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जनशताब्दी एक्सप्रेस के इंजन का पहिया जामः सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, घटना उस वक्त हुई जब जनशताब्दी एक्सप्रेस, जो गाड़ी संख्या 12057 है, नागल रेलवे स्टेशन को पार करने के बाद मीरपुर फाटक के पास करीब 150 मीटर आगे अचानक रुक गई। इंजन का पहिया जाम हो गया, जिसके कारण ट्रेन पटरी पर घिसने लगी और इससे पटरी के क्लिप उखड़ गए। करीब 50 मीटर तक रेल ट्रैक और कांटा भी क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन के अचानक रुकने से यात्री एक-दूसरे पर गिर पड़े, जिससे कुछ हलचल मच गई।

आग लगने से बाल-बाल बची ट्रेनः बताया जा रहा है कि इस दुर्घटना की आशंका से कुछ यात्री ट्रेन से बाहर कूद गए। घटना की जानकारी मिलते ही रेल अधिकारियों और कर्मचारियों की टीम मौके पर पहुंच गई। वे पटरी को ठीक करने का काम कर रहे हैं और मामले की जांच भी शुरू कर दी गई है। वहीं रेल अधिकारियों ने बताया कि दूसरे इंजन को मंगवाया जा रहा है, जिससे ट्रेन को फिर से आगे भेजा जा सके। फिलहाल, ट्रेन 1 घंटे से अधिक समय तक स्टेशन के निकट खड़ी है। स्थिति को जल्द ही सामान्य करने की कोशिश की जा रही है।

## पलामू में भीषण सड़क हादसा : बाइक पर सवार तीन युवकों को बोलेरो ने मारी टक्कर, मौके पर ही तीनों की मौत

**पलामू :** जिले में भीषण सड़क हादसा हुआ है जिसमें 3 आदिवासी युवकों की मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मामला जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के एनएच 98 पर रुदवा के बैराही मोड़ के पास का है। बताया जा रहा है कि 3 युवक एक ही बाइक पर सवार होकर मेदिनीनगर से छतरपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान बोलेरो ने बाइक को टक्कर मार दी जिससे 3 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे के बाद बोलेरो चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। पुलिस आरोपी बोलेरो चालक की तलाश में जुट गई है।

# प्रधानमंत्री मोदी ने वक्फ संशोधन विधेयक के पारित होने को बताया ऐतिहासिक क्षण



**नई दिल्ली :** लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी वक्फ संशोधन विधेयक पास हो गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसे ऐतिहासिक क्षण करार दिया है। उन्होंने कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक और मुसलमान वक्फ (निरसन) विधेयक का पारित होना देश की सामाजिक-आर्थिक न्याय, पारदर्शिता और समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक पल है। उन्होंने कहा कि यह कदम उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा, जो लंबे समय से हाशिए पर रहे हैं और जिन्हें आवाज और अवसर से वंचित रखा गया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने इन विधेयकों पर संसदीय और समिति चचाओं में भाग लिया, अपने विचार प्रस्तुत किए और इन कानूनों को मजबूत बनाने में योगदान दिया। उन्होंने उन अनगिनत लोगों का भी विशेष धन्यवाद किया, जिन्होंने संसदीय समिति को अपने मूल्यवान सुझाव भेजे। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक बार फिर, व्यापक बहस और संवाद का महत्व साबित हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि दशकों तक वक्फ प्रणाली पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी का पर्याय रही है, जिससे विशेष रूप से मुस्लिम महिलाओं, गरीब मुसलमानों और पासमांदा मुसलमानों के हितों को नुकसान पहुंचा है। संसद से पारित इन विधेयकों से पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों के अधिकारों की रक्षा होगी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अब हम एक ऐसे युग में प्रवेश करेंगे, जहां ढांचा अधिक आधुनिक और सामाजिक न्याय के प्रति संवेदनशील होगा। उन्होंने यह भी कहा कि हम प्रत्येक नागरिक की गरिमा को प्राथमिकता देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी प्रकार, हम एक मजबूत, अधिक समावेशी और अधिक दयालु भारत का निर्माण करते हैं। उल्लेखनीय है कि वक्फ (संशोधन) विधेयक राज्यसभा में पारित हो गया है। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई है। ऊपरी सदन में गुरुवार को पेश होने के बाद करीब 12 घंटे चली चर्चा के बाद गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात को विधेयक पारित हुआ। इसके पक्ष में 128 और विरोध में 95 मत पड़े। लोकसभा पहले ही इसे मंजूरी दे चुकी थी। इस विधेयक का उद्देश्य वक्फ अधिनियम में संशोधन के जरिए वक्फ बोर्ड के ढांचे में बदलाव और कानूनी विवादों को कम करना है।

## वक्फ संशोधन विधेयक को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी, कांग्रेस जल्द दायर करेगी याचिका



**नई दिल्ली:** संसद में पारित वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने की तैयारी शुरू हो गई है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बाद अब कांग्रेस ने भी इस विधेयक को संविधान के विरुद्ध बताते हुए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने की घोषणा की है। विधेयक को शुक्रवार सुबह पहले लोकसभा, फिर राज्यसभा में पारित किया गया। इसके विरोध में विपक्षी दलों ने व्यापक आपत्ति दर्ज कराई थी। तमिलनाडु विधानसभा में स्टालिन ने काली पट्टी पहनकर विधेयक का विरोध किया और कहा, रात दो बजे विधेयक पारित कराना संविधान की मूल भावना पर हमला है। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने का ऐलान किया।

इस बीच, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और एआईसीसी महासचिव जयराम रमेश ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट कर कहा, कांग्रेस जल्द ही वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 की संवैधानिकता को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। उन्होंने कहा कि पार्टी संविधान में निहित सिद्धांतों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है।

जयराम रमेश ने यह भी याद दिलाया कि कांग्रेस पहले भी सीएए, 2019, आरटीआई अधिनियम में 2019 के संशोधन, चुनाव संचालन नियम (2024) और पूजा स्थल अधिनियम, 1991 से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ रही है।

# बोकारो बंद के दौरान उपद्रव, तेनु नहर को दो जगह काटा, गाड़ियों में तोड़फोड़ और आगजनी



**संवाददाता**

**बोकारो:** गुरूवार को हुए लाठीचार्ज में एक युवक की मौत के बाद शुकवार को बुलाये गये बोकारो बंद के दौरान भारी उपद्रव हुआ है। बंद समर्थक शुक्रवार अहले सुबह से ही सड़क पर उतर आये। उग्र विस्थापितों ने तेनु नहर को दो जगहों से काट दिया है। पानी का तेजी से बहाव शुरू हो गया है। तेनु नहर में कटाव की वजह से शहरी इलाकों में जल संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। तेपुघाट डैम से नहर के रास्ते ही बोकारो में पानी की सप्लाई होती है।

**विस्थापितों पर हुई लाठीचार्ज में युवक की मौत पर बुलाया गया है बंद:** विस्थापितों के बोकारो बंद का आजसू और जेएलकेएम ने समर्थन किया है। बोकारो बंद के दौरान कई जगहों पर तोड़फोड़ और आगजनी की गई है। राहगीरों के साथ मारपीट और उनकी गाड़ियों में तोड़फोड़ भी किया गया है। शुक्रवार सुबह में उपद्रवियों ने सेक्टर चार में कई बसों में आग लगा दी। बोकारो बंद के दौरान चौक चौराहों पर भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है। बंद समर्थकों ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया है। उनकी मांग है कि लाठीचार्ज के दोषियों को सजा मिले। इस लाठीचार्ज में एक युवक की मौत हो गई, बंद समर्थक दोषी को फांसी देने की मांग कर रहे है।

## विस्थापितों और सीआईएसएफ के बीच हुई झड़प मामले में बीएसएल के जीएम गिरफ्तार, जांच के लिए बनी कमेटी

**बोकारो:** उपायुक्त विजया जाधव ने तीन अप्रैल को विस्थापितों और सीआईएसएफ बलों के साथ हुए झड़प मामले में बीसीएल के मुख्य महाप्रबंधक हरि मोहन झा को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया है। दरअसल डीसी ने इस मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ देर रात बैठक की। साथ ही घटना की जांच के लिए तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। यह सभी जांच चास की अनुमण्डल पदाधिकारी प्रांजल के नेतृत्व में होगी। कमेटी में बतौर सदस्य बोकारो के नगर पुलिस उपाधीक्षक और कार्यदण्डा जया कुमारी भी शामिल हैं।



डीसी ने जांच कमेटी को जल्द रिपोर्ट सौंपने को कहाः बोकारो ने डीसी ने गठित कमेटी को पूरे घटनाक्रम की जांच बीएसएल प्रशासनिक भवन में अधिष्ठापित सीसीटीवी फुटेज और मीडिया से प्राप्त फुटेज के साथ साथ अन्य साक्ष्य माध्यम से मामले की जांच कर शीध्र इसकी रिपोर्ट सौंपने को कहा है।

मुख्य महाप्रबंधक बीएसएल प्लांट हरि मोहन झा गिरफ्तारः दरअसल देर रात डीसी विजया जाधव की अध्यक्षता में चली बैठक में पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी, बीएसएल के ईडी, पुलिस उप महानिरीक्षक सीआइएसएफ, अपर समाहर्ता मो मुमताज अंसारी, अनुमंडल पदाधिकारी चास प्रांजल ढ़ांडा आदि शामिल हुए। उपायुक्त ने घटना की संपूर्ण जिम्मेदारी मानते हुए मुख्य महाप्रबंधक बीएसएल प्लांट हरि मोहन झा को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। दूसरी तरफ विस्थापित अप्रेंटिस संघ की सभी मांगों को बीएसएल प्रबंधन ने मान लिया है।

ये बातें मान ली गयी हैंः ट्रेनिंग पूरी कर चुके सभी विस्थापित अप्रेंटिस प्रशिक्षुओं को बीएसएल प्रबंधन 21 दिनों में पद सृजित कर तीन माह के अंदर उन्हें नियुक्ति देगा। वहीं, प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराएगा।

-लाठीचार्ज में मारे गये मृतक के परिजनों को 20 लाख मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को बीसीएल नियोजन देगा।

-साथ ही बीएसएल प्रबंधन घायलों को बीजीएच में मुफ्त उपचार और 10,000 रुपये मुआवजे का भुगतान करेगी।

प्रति माह 15 तारीख को बीएसएल विस्थापितों के साथ होगी बैठकः अन्य मांगों के लिए बीएसएल विस्थापितों के साथ प्रति माह 15 तारीख को जिला नियोजन पदाधिकारी एवं अपर समाहर्ता की उपस्थिति में बैठक कर वहां लिये गये फैसले का अनुसरण करेगी। उपरोक्त सभी बातों को लेकर उपायुक्त ने अपर समाहर्ता एवं अनुमंडल पदाधिकारी चास को प्रत्येक माह बैठक का अनुपालन सुनिश्चित कराने को कहा है। उपायुक्त विजया जाधव और पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी ने संयुक्त रूप से जिले वासियों से अपील की है कि वह शांति बनाएं रखें। सौहार्दपूर्ण माहौल में पर्व मनाएं और जिला प्रशासन को विधि व्यवस्था में सहयोग करें।

## कारोबारी की गर्दन काटकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

### 27 मार्च को कारोबारी भूपल साहू की गर्दन काटकर हत्या कर दी गयी थी



**संवाददाता**

**रांचीः** रांची पुलिस ने शहर के पंडरा इलाके में 27 मार्च को कारोबारी भूपल साहू की गर्दन काटकर हत्या करने वाले आरोपी गौरव चौधरी उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर लिया है। वह इसी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। उसे रांची पुलिस की एसआईटी ने उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वह चेन्नई भागने की तैयारी कर रहा था। रांची के डीआईजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने गुरुवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी गौरव चौधरी ने अपना जुर्म कबूल कर लिया है। वह निजी रंजिश की वजह से कारोबारी भूपल साहू की दुकान में लूटपाट करना चाहता था। 27 मार्च को वह इसी इरादे से उनकी दुकान में पहुंचा था, लेकिन भूपल साहू ने जब इसका विरोध किया तो उसने चापड़ (धारदार हथियार) से वार कर उनकी हत्या कर दी। पुलिस ने हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार और गौरव का खून से सना कपड़ा भी बरामद कर लिया है। आरोपी गौरव ने पुलिस को बताया कि चोरी के एक मामले में कुछ महीने जेल में रहने के बाद जमानत पर बाहर आया था। हाल में बिट्ठू मिश्रा नामक व्यक्ति के घर चोरी की थी। बिट्ठू मिश्रा को इसका पता चल गया था और उन्होंने इसे लेकर उसे धमकाया था। उसे संदेह था कि कारोबारी भूपल साहू ने ही चोरी की घटना में उसकी संलिप्तता के बारे में बिट्ठू मिश्रा को जानकारी दी है, इसलिए वह उनसे बदला लेना चाहता था। पंडरा ओपी के रवि स्टील के पास जूते की दुकान चलाने वाले भूपल साहू की हत्या उस वक्त कर दी गई थी, जब वह अपनी दुकान में अकेले बैठे थे। इस घटना के विरोध में रांची के पंडरा, रातू और कमड़े इलाके में लोगों का गुस्सा फूट पड़ा था। घटना के बाद सैकड़ों लोग सड़क पर उतर आए थे। अगले दिन लोगों ने इलाकों की तमाम दुकानें बंद करा दी थी और कई घंटों तक सड़क को जाम कर दिया था। भूपल साहू आजसू पार्टी से भी जुड़े हुए थे। पुलिस ने घटनास्थल के पास की दुकानों के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर ली थी।

## प्राइवेट स्कूलों की मनमानी रोकने को लेकर मुख्यमंत्री से मिले अजय राय

### री एडमिशन, एनुअल चार्ज, किताब-कॉपी के बढ़ते दाम रोकने का किया आग्रह, दी चेतावनी

**संवाददाता**

**रांचीः** झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से आग्रह किया है कि राज्य में प्राइवेट स्कूलों के दोहन से अभिभावकों को बचाएं। साथ ही साथ ही झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम कानून 2017 को लागू कराए ताकि स्कूलों की मनमानी को रोका जा सके।

झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि जिस तरह सदन के अंदर राज्य सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन का बयान प्राइवेट स्कूलों के मनमानी पर रोक लगाने की थी उस पर वह कुछ करके दिखाएं तभी वह अभिभावकों का भरोसा हासिल कर सकते हैं अन्यथा उनकी बातें कोरी साबित होगी। राय ने कहा कि अभी वर्तमान में री एडमिशन, एनुअल चार्ज, किताब कॉपी के बढ़ते दामों से अभिभावकों का कमर टूटा हुआ है। ऐसे में राज्य सरकार को मरहम लगाने की जरूरत है और प्राइवेट स्कूलों के मनमाने री एडमिशन एनुअल चार्ज अन्य कई मद में वसूली और हर साल बदले जा रहे किताबों के ऊपर अंकुश लगाना होगा तभी अभिभावकों को राहत होगी।



अजय राय ने आगे कहा कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 का एक्ट बन पाया और 7 जनवरी 2019 को प्रभाव में आया मगर इसका इंप्लीमेंटेशन कहीं नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज भी स्कूल अपनी मनमर्जी चलाए हुए हैं और इस पर अंकुश कहीं नहीं है जो इस राज्य के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। राय ने मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से आग्रह किया है कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और अभिभावकों को राहत प्रदान करें। उन्होंने कहा कि अगर सरकार इस मामले में कार्रवाई नहीं करती है, तो अभिभावकों को मजबूरन सड़कों पर उतरना पड़ेगा।

## फल-फूल रहा है अवैध लॉटरी का धंधा




**मुरीः** सिल्ली- मुरी क्षेत्र में इन दिनों अवैध लॉटरी कारोबार तेजी से फैलता जा रहा है। खासकर बस स्टैंड, बाजार और चौक-चौराहों पर खुलेआम लॉटरी टिकट बेचे जा रहे हैं। इसका सबसे बुरा असर गरीब और मजदूर तबके के लोगों पर पड़ रहा है, जो दो वक्त की रोटी के लिए मेहनत करते हैं, लेकिन लॉटरी के लालच में अपनी गाढ़ी कमाई गंवा बैठते हैं। वहीं लॉटरी संचालक और विक्रेता मालामाल हो रहे हैं, जबकि गरीब तबके के लोग कर्ज में डूबते जा रहे हैं। लॉटरी अवैध धंधे की पूरी जानकारी स्थानीय प्रशासन और पुलिस को है, लेकिन कार्रवाई करने के नाम पर सभी चुप हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लॉटरी माफिया बाकायदा सेटिंग कर अपना धंधा चला रहे हैं। रोजाना हजारों रुपये का खेल चलता है और मजबूरी में फंसे मजदूर अपनी मजदूरी का बड़ा हिस्सा लॉटरी में गंवा रहे हैं। कई परिवार आर्थिक तंगी और कर्ज में डूबते जा रहे हैं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। जिसके चलते कोई भी अधिकारी इसके खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा रहा है। चाय, पान, होटल व किराना दुकान से अवैध रूप से लॉटरी की जाती है ! लॉटरी टिकट खरीदने के लिए सुबह से ही लोग पहुंच जाते हैं।

## विद्यालय परिसर में मौजूद जर्जर भवन की छत गिरी

**संवाददाता**

**धनबादः** मध्य विद्यालय पाथरडीह कोलवाशरी परिसर में स्थित पुराने भवन की छत गुरुवार को जोरदार आवाज के साथ गिर गयी। इस कारण थोड़ी देर के लिए अफरा-तफरी मच गयी। आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गये। हालांकि घटना के समय जर्जर भवन में कोई नहीं था। मामले को लेकर अब भी ध्यान नहीं दिया गया, तो कभी भी बड़ी घटना हो सकती है। यहां बच्चे पढ़ते हैं, गलती से भी कोई बच्चा जर्जर भवन आ गया, तो यह खतरनाक है। घटना के बाद स्कूल एचएम श्वेता कुमारी ने मामले की जानकारी विभाग को दी है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में 110 बच्चे नामांकित है। सुचारू रूप से पढ़ाई हो रही है। विद्यालय परिसर में स्थित जर्जर भवन शिक्षकों के लिए परेशानी बनी हुई है। बच्चों को बार-बार जर्जर भवन की ओर जाने से रोका जाता है।



**पूर्व में दी गयी सूचना :** जर्जर भवन को तोड़ने के लिए प्रक्रिया करायी जानी है। इसके लिए स्कूल की ओर से पूर्व में भी विभाग को सूचना दी गयी है। लेकिन जर्जर भवन को तोड़कर यहां से नहीं हटाया जा रहा है।

**जिले में कई विद्यालयों में हैं जर्जर भवन :** भवन प्रमंडल सर्वे कर जिले के 156 विद्यालयों के भवन को जर्जर घोषित किया जा चुका है। सितंबर माह में इसकी जानकारी शिक्षा विभाग को दी गयी है। लेकिन इन जर्जर भवनों को तोड़ने की प्रक्रिया आज तक पूरी नहीं हुई। भवन जर्जर होने की वजह से स्थानीय स्तर पर व्यवस्था कर कुछ स्कूलों का संचालन सामुदायिक भवन में किया जा रहा है।

## लोदमु में आयोजित नवाह्न पारायण महायज्ञ में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़

### विधायक ने कथावाचक को अंगवस्त्र देकर लिया आशीर्वाद



**सिल्ली :** प्रखंड के लोदमु आम बागान में आयोजित श्री श्री राम चरित मानस नवाह्न पारायण महायज्ञ सह संगीतमय श्री मदभागवत कथा में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। शुक्रवार को अनुभवानंदजी महाराज व आचार्य शंभू नाथ पाण्डेय छत्तीसगढ़ ने राम कथा सुनाकर लोगों को भगवान राम के आदर्शों और शिक्षाओं से परिचित कराया। कहा राम चरित मानस कथा सुनने से लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान और प्रेरणा मिलती है और वे अपने जीवन में अच्छे कर्म करने के लिए प्रेरित होते है। स्थानीय विधायक अमित महतो ने कथावचक महाराजजी को अंगवस्त्र देकर आशीर्वाद लिया। इसके साथ ही उन्होंने क्षेत्रवासियों के लिए सुख, शांति और समृद्धि की कामना की और भव्य आयोजन के लिए आयोजनकर्ताओं की सराहना की। मालूम हो कि नवाह्न 30 मार्च को शुरू हुआ है 7 अप्रैल को समापन होगा। मौके पर विषम महतो मनोरंजन महतो बहादुर महतो जयनंदन महतो व अन्य मौजूद थे।

## मांडू जोड़ा तालाब में लगा गंदगी का अंबार

**रामगढ़ः** मांडू थाना क्षेत्र के मांडू डीह स्थित ऐतिहासिक जोड़ा तालाब वर्षों से साफ सफाई नहीं होने से प्रदूषित हो रहा है। वहीं बहु उपयोगी तालाब में कचरे का ढेर बढ़ता जा रहा है। तालाब का पानी प्रदूषित हो जाने की वजह से क्षेत्र के ग्रामीणों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ लोगों ने बताया कि तालाब कई सैकड़ों वर्षों पुराना है। मांडू डीह के कई टोलों जिसमें राधा नगर, रविदास मोहल्ला जैसे दर्जन मोहल्ला के पास के लोग छठ पूजा, जीवन मरण के अवसर पर होने क्रिया क्रम आदि अनुष्ठानों के लिए इस तालाब का उपयोग करते आ रहे हैं। तालाब में कचरा होने से गंदा परत तालाब पड़ता जा रहा है। वहीं पानी प्रदूषित होकर उपयोग के लिए नहीं रह गया है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने ऐतिहासिक प्राचीन जोड़ा तालाब के गहरीकरण व सफाई करवाने की मांग के साथ कहा है कि तालाब में बढ़ते कचरे से तालाब का वजूद के अस्तित्व ही खतरे में आ गया है। जिससे ग्रामीण चिंतित है।क्या कहते हैं ग्रामीण

ग्रामीण परमेश्वर शर्मा कहते हैं कि यह तालाब प्राचीन है। और यह ऐतिहासिक है। यह अब गंदा होते जा रहा है। इस तालाब में श्राद्ध कार्य करने में भी अब ठीक नहीं लगता है। इसकी सफाई होनी चाहिए। जयहिंद साव ने कहा है कि तालाब के पास बसे कई घरों की नालियों से गंदा पानी तालाब में गिराया जा रहा है। जिससे तालाब में प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से अनुरोध किया है कि घरों से निकलने वाले गंदे पानी का पनसोखा बनाकर तालाब तक न जाने दें। जिससे कि तालाब उपयोग लायक रह सके। अखिल देव प्रसाद उर्फ जमुन ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जनहित में इस तालाब की साफ सफाई गहरीकरण सरकारी स्तर पर कराया जाए, ताकि ऐतिहासिक जोड़ा तालाब को बचाया जा सके।

## रामनवमी को लेकर जिले में बढ़ायी गयी सुरक्षा व्यवस्था

**संवाददाता**

**धनबाद :** पुलिस द्वारा इस वर्ष रामनवमी पर सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। एसएसपी एचपी जनार्दनन के निदेर्शानुसार विभिन्न थाना क्षेत्रों में सुरक्षा बढ़ा दी गयी है। त्योहार पर सुरक्षा के मद्देनजर गुरुवार को जिले में पुलिस पदाधिकारियों की बैठक हुई। इसमें सिटी एसपी अजीत कुमार द्वारा सभी थाना प्रभारी व ओपी प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिये गये। कहा गया कि नवरात्र के मद्देनजर जिन पूजा मंडप में प्रतिमा स्थापित की गयी है, वहां सुरक्षा के लिए पर्याप्त बल की मौजूदगी रहेगी। शांतिपूर्ण तरीके से सभी दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन सुरक्षा व्यवस्था के बीच तय समय पर कराने का निर्देश सभी थाना प्रभारी को दिया गया है।

**निर्धारित मार्ग से गुजरेंगे अखाड़ा दलः** एसपी ने स्पष्ट रूप से कहा कि सभी अखाड़ा दल अपने निर्धारित मार्ग से होकर ही गुजरेंगे। सभी अखाड़ा समितियों को पहचान पत्र युक्त वॉलंटियर नियुक्त करने होंगे। साथ ही जुलूस व अखाड़ा में शामिल सभी लोगों की पहचान समिति द्वारा सुनिश्चित की जायेगी। सभी अखाडा दल को अपने जुलूस की वीडियोग्राफी करने और जुलूस के दौरान पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था रखने के निर्देश भी दिये गये हैं।

**असामाजिक तत्वों पर रखे निगरानी :** सभी थाना प्रभारी अपने इलाके के असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखेंगे। जरूरत पड़ने पर विधि व्यवस्था बनाये रखने के लिए चिन्हित लोगों के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई भी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। राम नवमी के दौरान किसी अप्रिय दुर्घटना से बचाव के मद्देनजर सभी अखाडा को निशान की ऊंचाई कम रखने को कहा गया है। साथ ही किसी भी तरह के खतरनाक करतब न करने की अपील भी की गयी है।

**जुलूस में डीजे पर प्रतिबंध :** जुलूस के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध रहेगा, पकड़े जाने पर डीजे जब्त करते हुए आखाड़ा समिति के खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी। जुलूस के दौरान भड़काऊ गीत न बनाने और आपत्तिजनक नारा नही लगाने का निर्देश भी सभी समितियों को दिया गया है।

सोशल मीडिया पर रहेगी नजरः त्योहार के दौरान पुलिस का मीडिया सेल सभी सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर कड़ी निगरानी रखेगा। किसी भी तरह के आपत्तिजनक संदेश का प्रचार प्रसार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। पुलिस ने अपील की है कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने व शांति व्यवस्था भंग करने के उद्देश्य से पोस्ट किये गये किसी भी संदेश अथवा कृत की जानकारी नजदीकी थाना, डायल 112 अथवा कंट्रोल रूम को 03262311217 अथवा 8210840901 पर दें। सूचना देने वाले की पहचान गुप्त रखी जाएगी।



## उगते सूर्य को अर्घ्य के साथ चैती छठ संपन्न

**सिल्लीः** शुक्रवार को चार दिवसीय चैती छठ महापर्व का समापन हुआ। सिल्ली स्थित साहेबबांध छठ घाट में श्रद्धालुओं ने उगते सूर्य को अर्घ्य अर्पित कर अपने परिवार की सुख- समृद्धि की कामना की।

गोस्सनर कॉलेज में इंटरनेशनल कॉफ्रेंस का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल ने कहा-

# भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा जनसंख्या है




संवाददाता

**रांचीः** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज गोस्सनर कॉलेज, रांची में डेवल्पड इंडिया @ 2047ः चारटिंग मल्टीडिसप्लेनसरी एंड मल्टी इंस्टीट्यूशनल पाथ-वे फॉर इंक्लूसिव ग्रोथ एंड ग्लोबल लीडरशीप विषय पर आयोजित इंटरनेशनल कॉफ्रेंस 2025 का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक समृद्धि, सामाजिक समरसता और वैज्ञानिक नवाचार का समन्वित प्रतिबिंब है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत की सबसे बड़ी शक्ति उसकी युवा जनसंख्या है और हमें उन्हें नवाचार, स्टार्टअप, शोध और उद्यमशीलता की ओर प्रेरित करना होगा।

राज्यपाल ने विकसित भारत @2047 , आत्मनिर्भर भारत , मेक इन इंडिया , डिजिटल इंडिया और वोकल फॉर लोकल जैसे अभियानों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये पहलें भारत को न केवल आत्मनिर्भर बना रही हैं, बल्कि उसे वैश्विक नेतृत्व की दिशा में भी अग्रसर कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भारत आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप हब बन चुका है, जहाँ के नवाचार वैश्विक परिवर्तन का माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने शिक्षण संस्थानों से आह्वान किया कि वे विद्यार्थियों को केवल नौकरी खोजने वाला नहीं, बल्कि रोजगार सृजन करने वाला बनाने हेतु शिक्षा प्रदान करें।

राज्यपाल महोदय ने कहा कि शोध कार्यों में मौलिकता आवश्यक है। केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि समाजोपयोगी समाधान और नवाचारों पर आधारित शोध ही विकसित भारत की राह को प्रशस्त करेगा। उन्होंने स्थानीय उत्पादों, हस्तशिल्प, खादी और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि भारत वैश्विक उत्पादन केंद्र बन सकता है, यदि वह पारंपरिक ज्ञान और आधुनिकता का समन्वय स्थापित कर सके। उन्होंने आशा व्यक्त की कि यह सम्मेलन केवल अकादमिक विमर्श तक सीमित न रहकर ठोस नीतिगत सुझावों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाएगा।

मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा

# रेलवे स्टेशन पर स्थायी प्याऊ बनाने को लेकर अधिकारी से मिला

संवाददाता

**रांचीः** भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों को शुद्ध एवं ठंडे पेयजल की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से मारवाड़ी युवा मंच रांची शाखा के प्रतिनिधियों ने आज रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक शुचि सिंह से मुलाकात की।

बैठक के दौरान रांची पिस्का और नामकुम स्टेशन परिसर में एक स्थायी प्याऊ स्थापित करने का प्रस्ताव रखा, जिससे यात्रियों एवं अन्य जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क जल सेवा उपलब्ध कराई जा सके। संस्था की ओर से यह आश्वासन दिया गया कि प्याऊ की स्थापना, रखरखाव एवं स्वच्छता की पूरी जिम्मेदारी वह स्वयं वहन करेगी।

रेलवे अधिकारी ने इस प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया व्यक्त की और जल्द ही स्थान निर्धारण एवं अन्य आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने का आश्वासन दिया। मंच के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने कहा कि यह पहल यात्रियों के लिए राहतकारी साबित होगी और समाज सेवा के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम होगी।



मंच ने रेलवे प्रशासन का आभार व्यक्त किया और आशा जताई कि यह प्याऊ जल्द ही यात्रियों की सेवा में समर्पित होगा। उपरोक्त जानकारी प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी ने दी। प्रतिनिधि मंडल मे मंच के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल,सचिव निकुंज पोद्दार अमृत धारा के प्रभारी यश सुरेखा,अनीश सरावगी,अमित शर्मा व अन्य सदस्य मौजूद थे।

## नाबालिग से दुष्कर्म मामले की जांच जारी

**मुरी :** सिल्ली के सुन्डील में नाबालिग से दुष्कर्म का मामला थाने पहुंचा। पुलिस के मुताबिक केस की जांच जारी है। पीड़िता को सिंगपुर नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। नाबालिग का बयान दर्ज कराया गया है। जबकि पीड़िता के पिता ने न्याय की मांग करते हुए दोषी को सजा दिलवाना चाहते हैं। पिता ने बताया कि उसके यहां काम करने वाले लड़के ने ही ऐसा किया है।



## चैती छठ पूजा महोत्सव फाउंडेशन ने बांटा निःशुल्क दूध - चाय

**रांचीः** चंद्रावती सह कांति कृष्ण फाउंडेशन के तत्वावधान में हटनियां छठ तालाब,(राजभवन के निकट) मे छठ व्रतियों एवं आम श्रद्धालुओं के बीच निःशुल्क दूध एवं चाय वितरण का किया गया। इस शिविर को सफल बनाने में मुख्यरूप से फाउंडेशन के अध्यक्ष ऋषिकेश लाल,सचिव प्रसिद्ध नारायण मिश्रा,छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर शर्मा,सहित कुमार अभिनव,कामिनी ताम्रकार, कुमार राजीव रंजन,डॉली ताम्रकार,पिया बर्मन, शिल्पी कुमारी,उमेश यादव,सीता उराईन,उमेश राम,ऋषिका कुमारी,रितिका कुमारी व अन्य ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई । साथ ही छठ व्रतियों के स्वागत एवं शांति पूर्ण व्यवस्था के लिए रांची जिला प्रशासन एवं भारतीय यूथ संगठन महाछठ पूजा समिति के अविनाश कुमार, राजेश साहू,अनिल सहाय,डॉ.राजेश,मुकेश वर्मा,रतन तुलस्यान व अन्य के प्रति आभार।

# गैंगस्टर अमन साहू एनकाउंटर की जांच करेगी सीआईडी, थाने में केस दर्ज

**रांचीः** गैंगस्टर अमन साहू के पुलिस मुठभेड़ में मारे जाने की जांच अब सीआईडी करेगी। सीआईडी ने पलामू के चैनपुर थाने में दर्ज केस को टेकओवर कर अब मुठभेड़ के संबंध में सीआईडी थाने में नया केस दर्ज कर लिया है। 11 मार्च को पलामू में एटीएस के साथ मुठभेड़ में अमन साहू मारा गया था। अब इस मामले की जांच सीआईडी करेगी।

एटीएस के अधिकारी प्रमोद कुमार सिंह के बयान पर दर्ज प्राथमिकी में तब यह बात सामने आयी थी कि एनआईए के केस में पेशी के लिए लाने के क्रम में अमन साहू के गुर्गों ने उसे छुड़ाने की कोशिश की थी। पुलिस वाहन पर बम से हमला हुआ था। अपराधियों ने फायरिंग भी की थी। अमन साहू तब पुलिसकर्मी का हथियार छीन कर भाग रहा था। उसके द्वारा फायरिंग की गई थी।

जवाबी फायरिंग में अमन साहू मारा गया था। अमन के मारे जाने के बाद पलामू एसपी रिष्मा रमेशन ने पुलिस मुख्यालय को प्रस्ताव भेजकर सीआईडी जांच की अनुशंसा की थी। डीजीपी के आदेश के बाद सीआईडी ने इस केस में जांच टेकओवर कर ली है। सीआईडी के इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी पूरे मामले की जांच करेंगे। अनन साहू झारखंड का गैंगस्टर था। अमन साहू को झारखंड का लॉरेंस विश्नोई भी कहा जाता था। उसके ऊपर कई केस दर्ज थे। साहू कई हत्याओं में नाम शामिल था। साहू एक गैंग चलाता था, जिसमें कई सदस्य थे। 11 मार्च को छत्तीसगढ़ से झारखंड ले आते समय उसके साथियों ने उसे छुड़ाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस की गाड़ी से अमन साहू भागने की कोशिश करने लगा, जिसमें गोलीबारी भी हुई। इस घटना के बाद अमन साहू के साथी बचकर भाग निकले थे। इस घटना में अमन साहू की मौत हो गई। अब इस मामले की जांच सीआईडी करेगी। इस मामले के सभी पहलुओं पर सीआईडी जांच करेगी।

# बॉलीवुड अभिनेता मनोज कुमार को श्रद्धांजलि

## प्रसिद्ध चित्रकार मोहम्मद साबिर हुसैन ने बनाई भावनात्मक पेंटिंग

**बॉलीवुड** के महान अभिनेता मनोज कुमार के निधन से पूरा देश शोक में डूबा हुआ है। उन्हें उनके देशभक्ति फिल्मों में योगदान के लिए भारत कुमार के नाम से भी जाना जाता था। देश के प्रति प्रेम और समर्पण को उन्होंने जिस तरह से परदे पर उतारा, वो आज भी लोगों के दिलों में ज़िंदा है।

इन्हीं भावनाओं को समर्पित करते हुए, मशहूर चित्रकार मोहम्मद साबिर हुसैन ने एक विशेष पेंटिंग बनाकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी है। यह पेंटिंग मनोज कुमार के जीवन, उनके फिल्मी सफर और उनके देशभक्त किरदारों को समर्पित है। इसमें उनके प्रसिद्ध फिल्मों के दृश्य और उनका सांकेतिक योगदान बहुत ही खूबसूरती से दर्शाया गया है।




साबिर हुसैन ने कहा, मनोज कुमार सिर्फ अभिनेता नहीं थे, वो एक विचारधारा थे। उन्होंने हमें बताया कि देश से प्रेम सिर्फ किताबों में नहीं, फिल्मों और भावनाओं में भी होता है। यह पेंटिंग मेरे दिल की एक छोटी सी पेशकश है भारत कुमार के लिए।

## राज्यपाल से की मुलाकात



**रांचीः** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से आज राज भवन में लेफ्टिनेंट जनरल पीएस. शेखावत, पीवीएसएम,एवीएसएम,एसएम, जीओसी, मध्य भारत एरिया ने भेंट की तथा राज्यपाल महोदय को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## पत्थर से कुचकर युवक की हत्या

**खूंटीः** जिले में बारूडीह पंचायत के चालम बरटोली गांव स्थित एक अज्ञात युवक की पत्थर से कूचकर हत्या का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक युवक की टीशर्ट पर एक निजी स्कूल का लोगो लगा हुआ है। आशंका जताई जा रही है कि युवक स्कूल का खेल टीचर हो सकता है। लेकिन प्रारंभिक जांच में युवक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया है। पुलिस को सूचना मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची। तब अज्ञात युवक की सांसें चल रही थी। पुलिस द्वारा उसे अस्पताल लाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने बताया कि चालोम, बरटोली समेत आसपास के गांवों के लोगों से युवक की पहचान कराने का प्रयास किया गया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई। खूंटी पुलिस ने मृत युवक के हुलिया और कपड़ों के आधार पर पहचान करने में जुटी हैं।

थाना प्रभारी मोहन कुमार ने बताया कि उन्हें गुरुवार देर शाम घटना की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों द्वारा मिली थी। घटना को लेकर आस पास गाय-बकरी चरा रहे चरवाहों ने गांव के लोगों को बताया कि एक बाइक पर सवार होकर चार युवक चालोम बरटोली के गेंगेरलोर की ओर गए थे। लेकिन लौटते वक्त उनकी संख्या तीन थी। आशंका जताई जा रही है कि बाइक पर सवार चार में से तीन ने मिलकर एक की हत्या की होगी।

झारखण्ड सरकार
अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग
(उप निदेशक कल्याण, कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल, राँची)

नामांकन सबंधी सूचना वर्ष–2025–2026

दक्षिणी छोटानागपुर प्रनण्डल अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय उच्च विघालय, आश्रम उच्च विधालय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय के लिए शैक्षणिक वर्ष 2025–2026 में वर्ग षष्ठम, सप्तम एंव अष्टम ( वर्ग 6,7,8) में नामांकन हेतु प्रवेश परीक्षा दिनांक 09.03. 2025 को सम्पन्न हुई जिसकी मेधा सूची के अनुसार छात्र/छात्राओं को विद्यालय आवंटित कर सूची सभी जिला कल्याण पदाधिकारीयों को उपलब्ध करा दिया गया है। संबंधित छात्र/छात्राएँ अपने–अपने जिला कल्याण पदाधिकारी कार्यालय से सम्पर्क कर नामांकन के संबंध मे अपने आवंटित विद्यालय की जानकारी प्राप्त कर सकते है। सभी चयनित छात्र/छात्राएँ वांछित कागजातों के साथ संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक से सम्पर्क कर दिनांक 20.04.2025 तक नामांकन कराना सुनिश्चित करेंगें। निर्धारित तिथि तक नामांकन नहीं लेने पर दूसरे छात्रों का चयन कर नामांकन किया जायेगा।

उप निदेशक, कल्याण,
दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल,राँची

PR 349632 (Welfare)24-25*D

# जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज के सभी संस्थानों में बनी चंपा देवी की पुण्य तिथि





संवाददाता

**रांचीः** जेके ग्रुप ऑफ कंपनीज के सभी संस्थानों में आज जितेन्द्र सिंह की माता स्व. चंपा देवी की पुण्य तिथि मनायी गयी। इस मौके पर हवन के साथ- साथ श्रद्धांजलि सभा का आयोजन भी किया गया। जहां माता के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित की गयी। कंपनी के चेयरपर्सन जितेन्द्र सिंह, वाईस चेयरपर्सन चंद्रशिखा सिंह, कंपनी के सीईओ जेशु प्रधान, जेके इंटरनेशनल स्कूल की प्राचार्या खुशबु झा, जेके हैप्पी फीट की जया सिन्हा, सबलु मुंडा, राम पांडेय, दिलीप सिंह, सुनील कुमार, सहित मौके पर आये तमाम लोगों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT
BUILDING DIVISION NO. -02. RANCHI

NOTICE INVITING QUOTATION NO-16/2024-25

Sealed quotations are invited for the work

| S.No. | Name of Work | Time of Completion |
|---|---|---|
| 1 | Supply and Installation of Insta llation of 10 KL ETP Plant for Central Lab. At RIMS, Ranchi. | Two Month |

by the Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi sell of quotation paper will be on 17.04.2025 upto 1.00 pm, quotation paper received on dated-19-04-2025 at 3.00 p.m and will be opened on 19.04.2025 at 3.30 pm at B.C.D. Division No.-02, Ranchi by Executive Engineer or his authorized representative in the presence of Quotationers or their authorized representative, whosoever desire may remain present at the time of opening. Cost of Bid for work of Rs. 2500.00 in shape of Demand draft (non refundable) on any State Bank Payable at SBI Main Branch, Ranchi (Code-0167) /any Schedule Bank, Payable at Ranchi in favour of The Executive Engineer, Building Construction Department, Building Division No.-02, Ranchi.

The quotation should be accompanied with (1) Initial security deposit which will be 2% of the quoted amount in shape of Bank Guarantee or 5 Years/3 Years Post Office Term Deposit or N.S.C. (8th issue)/fixed deposits of a scheduled Bank duly pledged in favour of Executive Engineer, Building Division No.-02, Ranchi. (2) Updated Income Tax Return and GST Return (3) PAN Card

In the case of Gazetted holiday the quotation will be received/opened on the next working day.

Executive Engineer
Building Construction Department
Building Division No-02, Ranchi

PR 349639 Building(25-26).D

## सुविचार

**मेहनत करने से दरिद्रता नहीं रहती, धर्म करने से पाप नहीं रहता, मौन रहने से कलह नहीं होता।**

## वक्फ में सुधार

**वक्फ** संशोधन बिल पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आम सहमति की उम्मीद तो किसी को नहीं, लेकिन गतिरोध को कम से कम करने का प्रयास जरूर होना चाहिए। इस बिल का असर एक बड़ी आबादी पर पड़ेगा। अगर उसकी चिंताओं को दूर नहीं किया गया तो बिल का मकसद अधूरा रह जाएगा। सरकार ने पिछले साल अगस्त में वक्फ संशोधन से जुड़ा नया बिल लोकसभा में पेश किया था। तब विपक्ष के विरोध के चलते इसे संयुक्त संसदीय कमिटी के पास भेज दिया गया। इस साल फरवरी में कमिटी ने अपनी रिपोर्ट दी, फिर केंद्रीय कैबिनेट ने उसे मंजूरी दी। सरकार का कहना है कि उसने विपक्ष की बात भी सुनी है, जबकि विपक्ष का आरोप है कि उसके सुझाए बदलावों को स्वीकार नहीं किया गया। वक्फ को लेकर विवाद कोई नया नहीं है और इसके कामकाज में सुधार होना चाहिए। वहीं, यह बड़ी संपत्ति का मालिक भी है। सरकारी रिपोर्ट बताती है कि फिलहाल वक्फ बोर्ड के पास देशभर में 8.7 लाख संपत्तियां हैं। भारतीय सेना और रेलवे के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है। संशोधन बिल से इनके मैनेजमेंट में आसानी होगी। सेंट्रल वक्फ काउंसिल में गैर-मुस्लिम सदस्यों के होने के प्रावधान पर आपत्ति हो सकती है, लेकिन महिला सदस्यों को लेकर हंगामा समझ से परे है। इससे मुस्लिम महिलाओं को अपनी बात रखने और अधिकार हासिल करने का मौका मिलेगा। इसी तरह, बोहरा और आगाखानी के लिए अलग बोर्ड बनने से इनके साथ अभी तक हुए भेदभाव को दूर किया जा सकेगा। विपक्ष के साथ ही एक वर्ग को डर है कि यह बिल कानून बन गया तो इसके जरिये सरकार धार्मिक मामलों में दखल देगी। हालांकि वक्फ संशोधन विधेयक पेश करते हुए केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि वक्फ बोर्ड किसी भी धार्मिक संस्था की व्यवस्था में हस्तक्षेप नहीं करेगा। इस तरह की बात सरकार की तरफ से पहले भी कही जा चुकी है। इसके बावजूद अगर गतिरोध कायम है, तो इसकी वजह है संवाद और भरोसे की कमी। वक्फ बिल असल में धर्म से ज्यादा प्रॉपर्टी से जुड़ा मसला है। यह भी सच है कि वक्फ संपत्तियों की बदइंतजामी से जुड़ी खबरें आती रही हैं। ऐसे में सुधार की जरूरत से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन सुधार संवाद और सहमति के जरिए हो, टकराव का माहौल न बने, यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

## तालमेल पर ध्यान

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने रविवार को अपनी नागपुर यात्रा के दौरान हालांकि कई कार्यक्रमों में शिरकत की, लेकिन इस दौरे का सबसे खास पहलू था उनका संघ मुख्यालय जाना। नरेंद्र मोदी बतौर प्रधानमंत्री कभी वहां नहीं गए थे। उनसे पहले संघ मुख्यालय जाने वाले एकमात्र प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी रहे। वैसे तो पीएम मोदी संघ प्रचारक रहे हैं, संघ की सोच और उसके अजेंडा को लेकर उनका समर्पण संदेहों से परे रहा है, फिर भी कई वजहों से केंद्र सरकार और संघ के बीच रिश्तों में कथित रूप से थोड़ी असहजता देखी जा रही थी। पिछले साल बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने लोकसभा चुनावों से पहले कहा था कि पार्टी अब इतनी समर्थ हो गई है कि उसे संघ के सहारे की जरूरत नहीं। इस बयान को भी दोनों के रिश्तों में असहजता से जोड़कर देखा गया। खैर, औपचारिक तौर पर संघ की कोई बीजेपी अध्यक्ष के इस बयान पर प्रतिक्रिया नहीं आई, लेकिन जब लोकसभा चुनावों में बीजेपी 'अबकी बार चार सौ पार' के दावों के बीच अपने दम पर बहुमत भी हासिल नहीं कर पाई तो माना गया कि संघ की कथित नाराजगी से उपजी उदासीनता की इसमें बड़ी भूमिका रही। इसके बाद दोनों तरफ से गलतफहमियां दूर करने की कोशिशों का नतीजा हरियाणा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में बीजेपी को मिली अप्रत्याशित सफलता को माना गया। अब पीएम मोदी की इस यात्रा ने रहा-सहा संदेह भी दूर करने का काम किया है। आरएसएस से बीजेपी के रिश्तों के संदर्भ से अलग हटकर देखें तो भारतीय राजनीति को प्रभावित करने वाले कुछ और अहम सवाल भी इस यात्रा से जोड़े जाते रहे हैं। ऐसा ही एक सवाल अगले पार्टी अध्यक्ष के नाम पर सहमति बनने का है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह यात्रा पार्टी और सरकार के भविष्य के लिहाज से अहम माने जाने वाले ऐसे कई मसलों पर फैसलों में तेजी लाएगी। पीएम मोदी की अगुआई में हिंदुत्व की राजनीति ने अपना जैसा विस्तार किया है, उसके मद्देनजर यह सवाल भी बहुतों के मन में उठने लगा है कि इस राजनीति के अगले चरण का नेतृत्व कौन करेगा। हालांकि बीजेपी यह स्पष्ट कर चुकी है कि सरकार के मौजूदा कार्यकाल में किसी तरह के बदलाव का सवाल ही नहीं उठता, फिर भी संघ प्रमुख और पीएम मोदी की यह करीबी इस बात का संकेत है कि भविष्य की दिशा तय करने का काम अब ज्यादा सहजता और सामंजस्य के साथ होगा।

# संसार को रामकथा का सार समझना होगा

युवा पीढ़ी क्रोध और कुछ भी न सहने की क्षमता से ग्रसित है। इससे समाज का ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो रहा है । वह खुलेपन के नाम पर नग्नता और बेशर्मी करने पर आमादा हैं। यह देखकर देश का भविष्य भी खतरे में लगने लगा है। श्रीराम और माता सीता के वनवास को लोग सिर्फ सुनते हैं लेकिन उसके पीछे का मर्म नहीं समझना चाहते।

छह अप्रैल को रामनवमी है। धार्मिक मान्यता है कि चैत्र महीने की शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि के दिन भगवान श्रीराम का जन्म हुआ था। इसलिए हर साल चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को रामनवमी का पर्व मनाया जाता है। इस त्योहार का देश ही नहीं दुनिया में रह रहे हिन्दुओं और रामभक्तों को बेसब्री से इंतजार रहता हैं। संसार के पालनहार भगवान विष्णु के सातवें अवतार प्रभु श्रीराम हैं। भगवान श्रीराम का आचरण त्याग व तपस्या का प्रतीक है। श्रीराम के चरित्र से सत्य, दया, करुणा, धर्म और मयार्दा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। विषम परिस्थितियों में भी किस तरह मानव को

### योगेश कुमार सोनी

अपने जीवन को संचालित करना चाहिए यह समझने के लिए भगवान राम का चरित्र मार्गदर्शक है। विडंबना यह है कि हम नई पीढ़ी यह नहीं समझा पा रहे हैं।

युवा पीढ़ी क्रोध और कुछ भी न सहने की क्षमता से ग्रसित है। इससे समाज का ताना-बाना छिन्न-भिन्न हो रहा है । वह खुलेपन के नाम पर नग्नता और बेशर्मी करने पर आमादा हैं। यह देखकर देश का भविष्य भी खतरे में लगने लगा है। श्रीराम और माता सीता के वनवास को लोग सिर्फ सुनते हैं लेकिन उसके पीछे का मर्म नहीं समझना चाहते। आजकल युवाओं को तो छोड़िए शादीशुदा दंपत्ति तक एक-दूसरे को दगा देने में लगे हुए हैं। बीते दिनों मेरठ में एक महिला ने अपने प्रेमी के




साथ मिलकर पति की हत्या कर दी। इस घटना के बाद ऐसी खबरों का आना लगातार जारी है। सौ टके का सवाल यह है कि क्या हम अपनी युवा पीढ़ी को भगवान, देवी-देवताओं और संतों के संदेश समझाने में इतने विफल हो चुके हैं कि वह अपने जीवन को संभाल नहीं पा रहे।

धर्म और अध्यात्म को लेकर जितना प्रचार-प्रसार हो रहा है क्या उसका एक प्रतिशत भी लोग अपने जीवन में उतार पा रहे हैं। शायद नहीं। इसका परिणाम यह हो रहा है कि हम ऐसे अंधकार की ओर बढ़ रहे है जहां केवल रुसवाई है। मनोवैज्ञानिक भी मानते हैं कि बच्चों को धर्म से जोड़ें और उसका पालन करना सिखाएं। आज के हाईटेक दौर में मस्तिष्क में ठहराव नाम की चीज खत्म होती जा रही है। इससे लोगों में सहने की क्षमता कम हो गई और युवा आक्रोश में आकर गलत निर्णय ले लेते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार हमारे देश में सबसे ज्यादा डिप्रेशन के मरीज बढ़े हैं जिसका कारण यहां अव्यवस्था बताई जा रही है। अव्यवस्था से अभिप्राय यह है कि युवा तरक्की के दौड़ में भागते हैं और धर्म, ज्ञान व संस्कार अर्जित करने के लिए के उनके पास समय नहीं होता। वह विफल होने पर डिप्रेशन में चले जाते हैं।इस वजह से किसी भी घटना व रिश्तों को समझ नहीं पाते। भारत में डिप्रेशन के मरीजों की संख्या कई कारणों से बढ़ने कारण तेज भागदौड़ भरी जिंदगी, मानसिक तनाव, काम का दबाव, सामाजिक और आर्थिक बदलाव, अकेलापन, और मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की कमी वजह भी है।

लेंसेट की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में 19.73 करोड़ लोग विभिन्न तरह की मानसिक समस्याओं से ग्रस्त हैं। इनमें 5 करोड़ लोग डिप्रेशन और 6 करोड़ लोग तनाव से ग्रसित हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि हालांकि स्ट्रेस या तनाव का दायरा इस आंकड़े से कहीं ज्यादा है। रिपोर्ट के मुताबिक तनाव और डिप्रेशन से परेशान रहने वाले ज्यादातर लोग वे शहरी युवा होते हैं जो कॉरपोरेट जगत में काम करते हैं। इस कारण 1990 के बाद भारत में सभी तरह के मानसिक बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। चिंता की बात यह है कि अधिकांश लोग तनाव और अवसाद को गंभीरता से नहीं लेते। उन्हें लगता ही नहीं कि यह कोई बीमारी है। एक्सपर्ट का कहना है कि जिस तरह शरीर की बीमारियां होती हैं, उसी तरह मन की भी बीमारियां होती हैं। मन की बीमारियां जीवन की गुणवत्ता को बहुत खराब कर देती हैं। यदि महानगरों के संदर्भ में एक घटना से समझें तो बहुत कुछ समझ में आ जाएगा। यदि दो वाहनों की आपस में छोटी सी टक्कर भी हो जाती है तो वह एक-दूसरे पर इस तरह से लड़ते हैं मानो उन्होंने आपस में जायदाद छीन ली हो। पार्किंग विवाद में मर्डर तक कर देते हैं। ऐसी घटनाओं से यह तो तय हो जाता है कि मानव जीवन पर संकट का स्तर बहुत बड़ा होता जा रहा है। आज धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए देशभर में रामकथा हो रही है। रामकथा सुनने लाखों लोग पहुंचते हैं। वह कथा के सार को समझने का प्रयास तो करते हैं पर उसका पालन नहीं करते, लेकिन हमें आने वाली पीढ़ी को सुधारने के लिए उन्हें रामकथा का सार समझाना होगा।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

# सुप्रसिद्ध क्रांतिकारी झलकारीबाई का बलिदान

राजा के निजी अंगरक्षकों में एक विश्वस्त सिपाही थे । और माता जमुना देवी धार्मिक विचारों की एक सामान्य गृहणी थीं । वे दो भाइयों के बीच एक बहन थीं । एक भाई बड़े थे एक उनसे छोटे । जब झलकारी बालवय में थीं तब ही माता का देहान्त हो गया था । दो भाइयों के बीच उनकी परवरिश एक लड़के की तरह हुई । उन्होने घुड़सवारी और विभिन्न हथियारों चलाने का अभ्यास उन्होंने बचपन से किया था। झलकारी बचपन से ही बहुत साहसी और दृढ़ प्रतिज्ञ बालिका थी।

भारत राष्ट्र के स्वत्व और स्वाभिमान की रक्षा के लिए हुए असंख्य बलिदानों में झलकारी बाई का भी एक ऐसा नाम है जिनका संघर्ष स्वयं के लिये नहीं था । न तो स्वयं के लिए राज्य प्राप्ति की चाह थी और न अपना कोई हित । पर उन्होंने संघर्ष किया और जीवन की अंतिम श्वांस तक किया । वे जानतीं थीं कि उनके संघर्ष का अंत विजय नहीं है अपितु जीवन का बलिदान है । फिर भी उन्होंने प्राणपण का संघर्ष किया और रानी लक्ष्मीबाई को सुरक्षित कालपी पहुंचाया । ऐसी वीरांगना झलकारी बाई का जन्म 22 नवम्बर, 1830 को झांसी के पास ही भोजला गांव में हुआ था। उनके पिता सदोवर सिंह झांसी दरबार की सेवा में राजा के

### रमेश शर्मा

निजी अंगरक्षकों में एक विश्वस्त सिपाही थे । और माता जमुना देवी धार्मिक विचारों की एक सामान्य गृहणी थीं । वे दो भाइयों के बीच एक बहन थीं । एक भाई बड़े थे एक उनसे छोटे । जब झलकारी बालवय में थीं तब ही माता का देहान्त हो गया था । दो भाइयों के बीच उनकी परवरिश एक लड़के की तरह हुई । उन्होने घुड़सवारी और विभिन्न हथियारों चलाने का अभ्यास उन्होंने बचपन से किया था। झलकारी बचपन से ही बहुत साहसी और दृढ़ प्रतिज्ञ बालिका थी। इसलिए उनकी गणना एक कुशल यौद्धा के रूप में होने लगी थी । झलकारी घर के काम के अलावा पशुओं का रख-रखाव और जंगल से लकड़ी इकट्ठा करने का काम भी करती थीं। उन्होने अपने जैसी साहसी किशोरियों की एक टोली बना ली थी । यह सब दरबार के सिपाहियों और उनके परिजनों की बेटियां थीं। एक बार जंगल में उसकी मुठभेड़ तेंदुए से हो गई थी तो झलकारी ने अपनी कुल्हाड़ी से ही उस तेंदुए को मार डाला था। एक अन्य अवसर पर जब डकैतों का एक गिरोह ने गांव में घुसा तब झलकारी ने अपनी टोली के साथ उनका मुकाबला किया और डकैतों को पीछे हटने और भागने पर विवश कर दिया था। उनकी इस बहादुरी से खुश होकर दरवार में सम्मानित किया गया । आगे चलकर उनका विवाह रानी लक्ष्मीबाई की सेना के एक सैनिक पूरन कोरी से हो गया । पूरन भी बहुत बहादुर था और राजा का विश्वास पात्र भी । इस नाते झलकारीबाई का परिचय रानी लक्ष्मीबाई से हो गया । झलकारीबाई कद काठी में बिल्कुल रानी जैसी थी । रानी ने झलकारीबाई की बहादुरी के प्रसंग सुने थे । कद काठी से भी प्रभावित हुईं। यद्यपि झलकारीबाई रानी लक्ष्मीबाई से आयु में दो वर्ष छोटी थीं पर उनके चेहरे की बनावट और कदकाठी बिल्कुल रानी की भांति थी । इसलिए उनके प्रति रानी का आकर्षण बढ़ा और वे रानी की विश्वस्त बन गईं । समय के साथ रानी लक्ष्मीबाई ने अपनी सैन्य शक्ति में बढ़ोतरी की और रानी ने झलकारी को दुर्गा सेना संगठित करने का आदेश दिया। झलकारीबाई ने काम आगे बढ़ाया। महिलाओं को आत्मरक्षार्थ तलवार चलाना, बंदूक चलाना सिखाया कुछ को तोप चलाने का भी प्रशिक्षण दिया। यह वह समय था जब झांसी की सेना को किसी भी ब्रिटिश दुस्साहस का सामना करने के लिए सक्षम बनाया जा रहा था। उन दिनों डलहौजी भारत का वायसराय था । वह देशी रियासतों को हड़प कर सीधे अंग्रेजी राज्य का शिकंजा कस रहा था । उसकी इस हड़पने की नीति के चलते, ब्रिटिश राजा से निःसंतान लक्ष्मीबाई को उत्तराधिकारी गोद लेने की अनुमति नहीं मिली । क्योंकि वे ऐसा करके रियासतों को सीधे अपने नियंत्रण में लेना चाहते थे। ब्रिटिश सरकार की इस कार्रवाई के विरोध में रानी ने कमरकसी और पूरे राज्य की सेना, सभी सेनानायक और झांसी के लोग रानी के साथ लामबंद हो गये और उन्होने आत्मसमर्पण करने के बजाय हथियार उठाकर युद्ध करने का संकल्प लिया। अंग्रेज सेना ने फरवरी 1958 में किले की घेराबंदी की । यह घेरा लगभग दो माह चला । मार्च के अंत में दक्षिण द्वार के द्वारपाल दूल्हाजू को अंग्रेजों ने तोड़ लिया और उसने 31 मार्च की रात द्वार खोल दिया । किले के भीतर भयानक युद्ध आरंभ हो गया । 1 अप्रैल 1858 तक रानी लक्ष्मीबाई ने झांसी के किले के भीतर से, अपनी सेना का नेतृत्व किया और ब्रिटिश और उनके स्थानीय सहयोगियों द्वारा किए कई हमलों को असफल कर दिया था पर अब दूल्हेराव के विश्वासघात से स्थिति बदल गई थी । किले का एक संरक्षित द्वार ब्रिटिश सेना के लिए खुल गया था । अब किले का पतन निश्चित हो गया था । तब रानी के सेनापतियों और झलकारी बाई ने उन्हें कुछ सैनिकों के साथ किला छोड़कर सुरक्षित निकल जाने की सलाह दी। रानी ने अपना वेष बदला और अपने दत्तक पुत्र तथा कुछ विश्वस्त सैनिकों के साथ लेकर झांसी से सुरक्षित निकल गईं और कालपी की ओर चल दीं । झलकारीबाई ने रानी का वेश धारण किया और रानी की भांति ही युद्ध करने लगीं। अंग्रेज सेना को भनक तक न लगी कि रानी सुरक्षित निकल गईं। रानी के निकलते ही झलकारी बाई के पति पूरन ने किले की दीवार से तेज गोलाबारी शुरू कर दी और किले की रक्षा करते हुए बलिदान हो गया लेकिन झलकारीबाई ने अपने पति की मृत्यु का शोक मनाने की बजाय युद्ध और तेज कर दिया । झलकारीबाई तो रानी लक्ष्मीबाई की तरह कपड़े पहने थीं और रानी की भांति ही सेना का संचालन कर रहीं थीं। जो सेना किले के भीतर घुसी उसमें ह्यूरोज नहीं था । झलकारीबाई के आदेश पर किले के सभी दरवाजे खोल दिए गए। झलकारीबाई किले से बाहर निकलीं और ब्रिटिश जनरल ह्यूरोज के शिविर पर टूट पड़ीं। जनरल ह्यूरोज जो उन्हे रानी ही समझ रहा था । भीषण युद्ध हुआ । अंततः इस निर्णायक युद्ध के दौरान झलकारीबाई वीरगति को प्राप्त हुईं। इस प्रकार चार दिनों तक झलकारीबाई ने रानी के वेश में युद्ध किया । इन चार दिनों में रानी लक्ष्मीबाई सुरक्षित कालपी पहुँच गई थीं। झांसी किले का पतन झलकारी बाई के बलिदान के बाद 4 अप्रैल 1858 को हुआ । ह्यूरोज 5 अप्रैल को किले में प्रविष्ट हुआ । लूट का आदेश दिया । जो लोग बंदी बनाए गए उनका कत्लेआम हुआ । झांसी का किला लगभग अभेद्य था। यदि विश्वासघात न होता तो शायद किले का पतन न होता । झलकारी बाई की वीरगाथा पर इतिहासकारों की कलम कम चली पर बुंदेलखंड की लोकगाथाओं और लोकगीतों में वे अमर हैं । भारत सरकार ने 22 जुलाई 2001 को उनके सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया था । उनकी प्रतिमा और एक स्मारक राजस्थान के अजमेर में है, उत्तर प्रदेश सरकार ने उनकी एक प्रतिमा आगरा में स्थापित की है । इसके साथ लखनऊ में उनके नाम पर एक धर्मार्थ चिकित्सालय आरंभ हुआ है। अब समय बदला है । आधुनिक लेखकों ने उन्हें गुमनामी से उभारा है। जनकवि बिहारी लाल हरित ने 'वीरांगना झलकारी' काव्य की रचना की है । अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे माता प्रसाद ने झलकारी बाई की जीवनी की रचना की है। इनके अतिरिक्त साहित्कार चोखेलाल वर्मा ने उनके जीवन पर एक वृहद काव्य लिखा है । मोहनदास नैमिशराय ने उनकी जीवनी को पुस्तक लिखी है और भवानी शंकर विशारद ने उनके जीवन परिचय को विस्तृत रूप दिया है । इन नवीन रचनाओं में झलकारीबाई के जीवन, शौर्य और बलिदान की झलक समाज को मिलती है ।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# त्रिशूल लेने की परंपरा भगवान शंकर के द्वारा ही प्रारम्भ हुई

हिं गोस्वामी जी भगवान शंकर के सुंदर श्रृंगार का अत्यंत ही सुंदर वर्णन कर रहे हैं। जिसमें वे कह रहे है–

**'कर त्रिसूल अरु डमरु बिराजा।**
**चले बसहँ चढ़ि बाजिहं बाजा।।**
**देखि सिवहि सुरत्रिय मुसुकाहीं।**
**बर लायक दुलहिनि जग नाहीं।।'**

भगवान शंकर के एक हाथ में त्रिशूल व डमरु है। हालाँकि सनातन धर्म में अनेकों ही देवी देवता हैं, जिनके हाथों में, कोई न कोई शस्त्र अवश्य होता है। किंतु त्रिशूल लेने की परंपरा भगवान शंकर के द्वारा ही प्रारम्भ हुई। वे हाथ में तलवार अथवा धनुष बाण भी ले सकते थे। कारण कि धनुष बाण उनके आराध्य देव, श्रीराम जी का शस्त्र भी है। किंतु उनके द्वारा धारण किया गया शस्त्र ह्यत्रिशूलह्ल अपने आप में अनेकों भेद छुपाये हुए है। त्रिशूल शब्द का अर्थ होता है तीन प्रकार के शूल। शूल अर्थात ताप, दुख या कष्ट। संसार में तीन प्रकार के कष्ट होते हैं–दैविक, दैहिक व भौतिक। यह तीनों प्रकार के कष्टों से ही समस्त संसार पीड़ित है। दैहिक ताप वे होते हैं, जो देह से मानव को सताते हैं। जैसे बुखार अथवा चोट लगना इत्यादि। दैविक तापों में वे ताप होते हैं, जो अदृश्य शक्तियों के प्रभाव से आते हैं, जैसे किसी को श्राप, जादू टोना इत्यादि



लग जाना। इसके पश्चात भौतिक ताप उसे कहा गया है, जो ताप भूकंप, बाढ़ अथवा बारिश इत्यादि से आते हैं। कोई भी जीव इन तापों से बच नहीं पाता है। किंतु गोस्वामी तुलसीदास जी कहते हैं–

**'दैहिक दैविक भौतिक तापा।**
**राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।।'**

इन तीनों तापों से अगर बचना है, तो उसे राम राज्य में प्रवेश करना पड़ेगा। एक ऐसा राज्य जहाँ सर्वत्र श्रीराम जी का सिद्धाँत चले। अर्थात राम राज्य में प्रत्येक जन भक्ति में लीन होकर, केवल श्रीराम जी के रंग में ही रंगा रहता है। भगवान शंकर अपने आथ में त्रिशूल लेकर, यही संदेश देना चाहते हैं, कि सदैव प्रभु की भक्ति में लीन रहना ही जीवन की सार्थकता है। अन्यथा तीपों तापों का प्रभाव केवल मानव जन्म में ही नहीं, अपितु चौरासी लाख योनियों की प्रत्येक योनि में भी बना रहेगा। भगवान शंकर ने एक हाथ में डमरु भी ले रखा है। विचारणीय पहलू है, कि डमरु का कार्य तो मदारी के पास होता है। क्योंकि बंदर का खेल दिखाने के लिए, वह डमरु की डुगडुगी पर ही लोगों को एकत्र करता है। डमरु ही वह यंत्र है, जिसपे मदारी बंदर को नचाता है। क्या आपने सोचा है, कि बंदर किस पक्ष को प्रभाषित करता है? बंदर वास्तव में चंचल मन का प्रतीक है। जिसका मन चंचल है, वह कभी भी शाँति को प्राप्त नहीं कर सकता। उसकी समस्त शक्तियाँ विघटन की ओर उन्मुख रहती हैं। वह सदा नीचे ही गिरता जाता है। चंचल मन के स्वामी को संसार में सदा अपयश ही प्राप्त होता है। किंतु यहाँ भगवान शंकर हाथ में पकड़े, कौन से डमरु के माध्यम से, कौन सा बंदर वश में करने का संकेत कर रहे हैं।

डमरु वास्तव में अनहद नाद का प्रतीक है। जिसे हम ब्रह्म नाद भी कहते हैं। गुरु कृपा से जब हमारे भीतरी जगत में, ईश्वर का संगीत प्रगट होता है, तो मन उसी संगीत को श्रवण करने से वश में आता है। वह नाद इन बाहरी कानों से नहीं सुना जाता। अपितु इन कानों के बिना ही उसे सुना जाता है। उस ब्रह्म नाद में डमरु के सिवा अन्य वाद्य यंत्र भी सुनाई दे सकते हैं, जैसे वीणा, सारंगी, शंख इत्यादि। यही कारण है, कि भगवान शंकर अपने हाथ में मन रुपी बंदर को वश में करने के लिए डमरु रखते हैं।

## सेहत

### हाई बीपी को कंट्रोल करने के लिए डाइट में शामिल करें अलसी व चिया सीड्स

आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद के लिए समय निकाल पाना काफी मुश्किल हो गया है। ऐसे में लोगों को तरह–तरह की बीमारियां घेर लेती हैं। वहीं हाई ब्लड प्रेशर की समस्या आम हो चुकी है। हर दूसरा व्यक्ति हाइपरटेंशन से परेशान है। इसकी वजह से स्ट्रोक या हार्ट अटैक जैसी गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। ऐसे में हाई बीपी की समस्या को कंट्रोल में रखने के लिए दवाओं के साथ–साथ सही खानपान की भी जरूरत होती है।

हालांकि कुछ खास बीजों को अपनी डाइट में शामिल करके आप नेचुरल तरीके से हाई ब्लड प्रेशर की समस्या को कंट्रोल किया जा सकता है। बता दें कि अगर आप अपनी डाइट में चिया और अलसी के बीजों को शामिल करते हैं, तो हाई बीपी को कंट्रोल कर सकते हैं।

**अलसी के बीज** : अलसी के बीजों में ओमेगा 3 फैटी एसिड पाया जाता है, जो धमनियों को मजबूत बनाने में सहायता करता है। इसके सेवन से ब्लड फ्लो बेहतर होता है और फाइबर कोलेस्ट्रॉल को सुधारता है। वहीं इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट ब्लड प्रेशर को कम करता है। इसके साथ ही इसमें मौजूद मैग्नीशियम और पोटेशियम हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल कर करता है। अलसी के बीजों में पाया जाने वाला पोटेशियम रक्त वाहिकाओं को रिलैक्स करता है।

**चिया सीड्स** : चिया सीड्स में कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसका सेवन करने से सेहत को कई तरह के लाभ मिलते हैं। इसमें मौजूद ओमेगा 3 फैटी एसिड ब्लड वेसल्स को रिलैक्स करता है। साथ ही यह ब्लड सर्कुलेशन को सुधारता है।

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in** **email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# उद्यान विकास योजना जेएसएलपीएस का सफल क्रियान्वयन से किसानों को मिला लाभ



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** उद्यान विकास योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के बरहरवा प्रखंड में किसानों को ओल की खेती के लिए प्रेरित करने हेतु बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस योजना के अंतर्गत जेएसएलपीएस द्वारा चयनित सखी मंडल की दीदी एवं उनके परिवार के किसानों के बीच ओल का वितरण किया गया। प्रखंड प्रमुख सुशीला हांसदा, उद्यान विभाग से प्रेम पासवान,झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के जिला वित्त प्रबंधक राजेश रॉय, जिला आजीविका प्रबंधक अनिरुद्ध कुमार एवं प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मो फैज आलम के संयुक्त प्रयास से किसानों को घर-घर जाकर प्रति किसान 95 किलोग्राम औल बीज उपलब्ध कराया गया। प्रखंड प्रमुख सुशीला हांसदा ने कहा कि इस योजना से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि ओल की खेती से किसान अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते हैं और आने वाले दिनों में जिले के कृषि क्षेत्र में एक नई क्रांति आ सकती है।

जबकि वितरण कार्यक्रम में कुल 83 किसानों को प्रति किसान 95 किलोग्राम ओल का बीज दिया जा रहा है, जितने किसान मनरेगा अंतर्गत संचालित योजना बिरसा हरित ग्राम योजना का लाभ ले रहे हैं वे लोग आंतरिक मिश्रित खेती अंतर्गत आम के पेड़ों के बीच ओल लगा सकते हैं !ओल का बीज प्राप्त कर किसानों के बीच हर्ष का माहौल है।इससे किसान लखपति दीदी की ओर आगे बढ़ेंगेऔर अपने सपनों को नई उड़ान देंगे।इस अवसर पर पीआरपी पुष्पा हेम्ब्रम,बीआरपी लाइवलीहुड दीपक मंडल,रामू रजवार,आजीविका कृषक सखी छाया कुमारी समेत कई किसान और सखी मंडल की दीदी उपस्थित थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### टेटनस और डिप्थीरिया टीकाकरण शिविर का आयोजन



**साहिबगंज :** जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी डॉ0 किरण माला की देख-रेख में टेटनस और डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान अंतर्गत सेंट जेवियर्स स्कूल अंग्रेजी ममाध्यम में कक्षा 5 से 12 वर्ष तक के किशोर किशोरियों को टिके से लाभान्वित किया गया 'के0जी0 कक्षा के बच्चों के लिए एल्बेंडाजोल का प्रबंध और हीमोग्लोबिन और सिकल सेल एनीमिया स्क्रीनिंग की गई।इस अवसर पर स्वास्थ्य कर्मी एवं विद्यालय के शिक्षक गण उपस्थित थे।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में नया सत्र शुरू

**साहिबगंज:** शहर के विद्या भारती विद्यालय जमुनादास केदारनाथ चौधरी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर साहिबगंज के प्रांगण में नए सत्र 2025-26 का आरंभ सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ,संस्कृत वंदना ओंकार का पाठ गायत्री मंत्र का पाठ भारत माता की स्तुति व शांति मंत्र के पाठ हवन एवं विष्णु जी के आरती के गायन के साथ हुआ।हवन और पूजन कार्यक्रम में यजमान के रूप में विद्यालय के आचार्य कल्याण भंडारी पुरोहित के रूप में पंडित धनेश तिवारी उपस्थित थे। यह हवन पूजन कार्यक्रम में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाचार्य किरण कुमारी गुप्ता,आचार्य अमितकुमार,राघव वत्सअजय कुमार साह,श्यामा प्रसाद,अजीत कुमार मालवीय सुनील कुमार पंडित,लिपिका राज सिंह,अर्चना वर्मा,सारिका कुमारी,स्नेहा भारद्वाज,क्रिस्टीना मुर्मू,सोनी कुमारी,टीनू पाण्डेय,कर्मचारी बृंद एवं विद्यालय के सभी भैया बहन एवं अभिभावक बंधु उपस्थित थे।

### महाराजपुर मोती झरना में आग का कहर सेख सोफिल का घर जलकर खाक

**साहिबगंज :** जिले के महाराजपुर मोती झरना इलाके में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां सड़क किनारे स्थित सेख सोफिल के घर में अचानक आग लग गई।देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और पूरा घर जलकर खाक हो गया।इस भीषण अग्निकांड में घर का सारा सामान जलकर राख हो गया,जिससे परिवार को भारी नुकसान उठाना पड़ा।स्थानीय लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया,लेकिन आग इतनी तेजी से फैली कि कोई भी सामान सुरक्षित नहीं बचाया जा सका।घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन और दमकल विभाग मौके पर पहुंचा,लेकिन तब तक सब कुछ जलकर नष्ट हो चुका था।आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है, प्रशासन द्वारा पीड़ित परिवार को हरसंभव सहायता देने का आश्वासन दिया गया है।

### अधिवक्ता संघ ने मार्निंग कोर्ट की उठाई आवाज

**मेदिनीनगर :** पलामू अधिवक्ता संघ ने झारखंड हाईकोर्ट के महानिबंधक व पलामू के पीडीजे को पत्र लिखकर पूर्व की भांति जिले में मार्निंग कोर्ट का संचालन करने की आवाज बुलंद की है। गुरुवार को अधिवक्ता संघ भवन में आयोजित वार्ता में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों ने पलामू की गर्मी के दौर में सामान्य कार्य दिवस से होने वाली परिशानियों की जानकारी दी। अध्यक्ष रामदेव प्रसाद यादव ने कहा कि पलामू की गर्मी जगजाहिर है। ऐसे में यहां मार्निंग कोर्ट किया जाना अधिवक्ताओं व मुवक्किलों के साथ न्यायिक सेवा में रत सभी के लिए उपयोगी होगा। उपाध्यक्ष विनोद तिवारी, कोषाध्यक्ष जय किशोर पाठक, सह कोषाध्यक्ष देव कुमार शुक्ला आदि ने कहा कि इस वर्ष तो मौसम विभाग ने पलामू का तापमान 50 डिग्री तक पहुंचने का पूवार्नुमान जताया है। ऐसी स्थिति में प्रचंड गर्मी के समय सामान्य कोर्ट का संचालन किया जाना जानलेवा भी साबित हो सकता है। कार्यकारी सदस्य संजय पांडेय, उमेश कुमार पासवान व गोपाल मिश्रा ने पूर्व की तरह गर्मी में कोर्ट मार्निंग में किये जाने की मांग की।

### वित रहित स्कूल व इंटर कॉलेजों के लिए मिला 4.66 करोड़ का अनुदान

**मेदिनीनगर :** पलामू के 34 वित्त रहित स्कूल व इंटर कॉलेज लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए जिले को 4,66,75200 अनुदान की राशि प्राप्त हुआ है। सरकार द्वारा वित्त रहित स्कूल और इंटर कॉलेजों के लिए 88 प्रतिशत राशि दी गई है। शिक्षा विभाग का कहना है कि यह राशि मार्च के अंतिम सप्ताह में प्राप्त हुआ है। बिल ट्रेजरी को 31 मार्च के पहले ही भेज दिया गया है। इस कारण राशि निकासी में परेशानी नहीं होगी।

### अडानी पावर जमींदार की तरह काम कर रहा : प्रदीप यादव

गोड्डा : गोड्डा स्थित अडानी पावर के खिलाफ जमनी दाताओं का गुस्सा बढ़ता जा रहा है. कंपनी की वादा खिलाफी से नाराज जमीन दाता अडानी पावर प्लांट के मोतिया गेट के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल पर बैठे है.कांग्रेस विधायक दल के नेता प्रदीप यादव गुरुवार की दोपहर कंपनी गेट पर पहुंचकर आंदोलनकारियों का समर्थन किया. उन्होंने कहा कि अडानी पावर जमिंदार की तरह काम कर रहा है. मैं शुरू से ही कंपनी के खिलाफ आवाज उठाता रहा हूं. मगर राज्य की तत्कालीन भाजपा सरकार ने सत्ता के पावर से गरीबों की आवाज को दबाने का काम किया और मेरे खिलाफ कई मुकदमा लाद दिए. जिसमें कई महीने तक मुझे जेल में रहना पड़ा. उन्होंने कहा कि अब कंपनी का असली चेहरा सामने आने लगा है. जिस कम्पनी ने जमीन लेने के समय रैयतों के साथ एग्रीमेंट कर कहा था कि जमीन देने वाले के परिवार के एक सदस्य को कंपनी में नौकरी मिलेगी. तत्काल सभी को नौकरी दे भी दी गई, लेकिन अडानी कंपनी में नहीं, उसके अंदर काम कर रही दूसरे कंपनी में दी गई. अब उस कंपनी ने भी सभी विस्थिपितों को नौकरी से निकाल दिया है. अडानी पावर ने साजिश के तहत ग्रामीणों के साथ ठगी की है. इसके खिलाफ निर्णायक लड़ाई लड़ी जाएगी.

### जसीडीह रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज से गिरकर बुजुर्ग की मौत

**देवघर :** देवघर के जसीडीह रेलवे स्टेशन पर फुट ओवरब्रिज की सीढ़ी से गिरकर एक बुजुर्ग यात्री की मौत हो गई. मृतक की पहचान बिहार के बांका जिले के गौरीअंबा गांव निवासी जागेश्वर रमानी (60 वर्ष) के रूप में हुई. घटना बुधवार शाम की है. हादसे के बाद परिजन उन्हें तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल ले गये, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. बुजुर्ग यात्री अपनी पोती जुली कुमारी के साथ ट्रेन पकड़ने के लिए जसीडीह स्टेशन पहुंचा था.

बेटी रीना देवी व दामाद विश्वनाथ रमानी ने बताया कि जागेश्वर रमानी मंगलवार को गवाली पूजा में शामिल होने अपनी पोती के साथ कोठिया गए थे. बुधवार की सुबह वे ट्रेन पकड़ने के लिए जसीडीह स्टेशन पहुंचे थे. उन्हें टेलवा हॉल्ट जाना था. स्टेशन पर पहुंचने के बाद उन्हें जानकारी मिली कि जसीडीह-झाझा पैसेंजर ट्रेन प्लेटफार्म नंबर दो पर आएगी. इसके बाद वह अपनी पोती के साथ प्लेटफार्म नंबर एक से फुट ओवरब्रिज से प्लेटफॉर्म नंबर दो पर जा रहे थे. इसी दौरान उनका पैर फिसल गया और गिर पड़े.

## छापेमारी अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन के पास से एक गिरफ्तार



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर निवासी मो.असलम को उसके ही दामाद मो. अब्दुल ने गुरुवार की देर रात्रि लगभग चाकू से मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया।स्वजनों में इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया।जिरवाबाडी पुलिस को सूचना मिलते ही सदर अस्पताल पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गए। वहीं बुधवार की रात्रि पुलिस की टीम ने अब्दुल को गिरफ्तार कर लिया। इस घटना की जानकारी एसडीपीओ किशोर तिर्की ने देते हुए बताया कि बुधवार को रात्रि पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह को सूचना मिली कि जिरवाबाडी थाना क्षेत्र के अंजुमन नगर में दामाद मो. अब्दुल के द्वारा अपने ससुर असलम की चाकू से मार कर हत्या कर दी हैं। सूचना के आलोक पर एसपी के निर्देश पर एसडीपीओ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी अभियान चलाया। छापेमारी अभियान के दौरान रेलवे स्टेशन के पास से अब्दुल को गिरफ्तार कर लिया गया। वह मुंगेर जिला के कासिम बाजार का रहने वाला है। एसडीपीओ ने बताएं कि अब्दुल से पूछताछ के क्रम में उसने हत्या का मुख्य कारण पत्नी से पूर्व से विवाद एवं विदाई नहीं करने के कारण गुस्से में आकर उसकी हत्या कर दी। बताया कि बुधवार की रात्रि के अब्दुल अपने ससुराल गया और अपनी पत्नी की बिदागरी को लेकर ससुर से वातार्लाप किया। लेकिन ससुर नहीं माने और सुबह में बात विचार करने की बात कही। फिर अब्दुल चला गया लेकिन कुछ देर बाद वह घर के पीछे से दीवाल फान कर आया और ससुर के सीने पर चाकू से वार कर हत्या कर दी। बताया की अब्दुल पहले से ही चाकू लेकर आया था उसका कहना था। की पूर्व में जब आये थे तो उसकी पत्नी के भाई के साथ झगड़ा हुआ था और जान मारने की धमकी दी थी। छापेमारी दल में जिरवाबाडी थाना प्रभारी शशि सिंह,एसआई रोहित कुमार ,बंटी कुमार,एएसआई मनोज शर्मा, हावालदार रविंद्र ठाकुर साहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## चार दिवसीय लोक आस्था नेम निष्ठा सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ पूजा संपन्न



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** चार दिवसीय लोक आस्था नेम निष्ठा सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ पूजा के तीसरे और चौथ दिन अर्ध दिया और सुबह में भी आस्था नेम निष्ठा सूर्य उपासना का महापर्व चैती छठ पूजा शुक्रवार को सम्पन्न। विदीत हो की उमस भरी गर्मी, पछिया गर्म हवा, सूर्य देव की तेज किरणे और लू के बीच छठ व्रतियों का 36 घंटे का निर्जला उपवास जारी है। छठ वर्ती गेहूं के आटा का ठेकुआ, चावल के आटा का कसार प्रसाद मिट्टी के चूल्हा में आम के लकड़ी से बनाई।प्रसाद बनाने के बाद छठ वर्ती छठ सूप डाला सजाकर पूजन की। दोपहर बाद डाला लेकर श्रद्धालु व छठ वर्ती स्थानीय गंगा छठ घाट, पोखर, तालाब, सरोवर पहुंचकर डूबते हुए सूर्य को अर्ध दिया। छठ पूजा को लेकर फल पूजन सामग्री दुकानों कपड़ा दुकानों और बाजारों में काफी चहल पहल देखने को मिली। शहर के मुक्तेश्वरधाम बिजली सीढ़ी गंगा घाट, शकुंतला सहाय गंगा घाट, पुरानी साहिबगंज ओझा टोली गंगा घाट, कबूतरखोपी जनता घाट, चानन घाट, गोपालपुल गंगा घाट सहित विभिन्न गंगा घाटों में श्रद्धालुओं की भीड़ अर्ध देने उमड़ी पडी। जबकि सुबह में भी अर्ध श्रद्धालुओं के द्वारा दिया गया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद था। महिलाओं के लिए चेंजिंग रुम बनाई गई थी। विद्युत विभाग भी छठ व्रतियों को बेहतरीन सेवा दिया।

### रामनवमी को लेकर प्रशासन का फ्लैग मार्च

पलामूः रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण ढंग मनाये जाने को लेकर जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की ओर से गुरुवार को मेदिनीनगर के शहरी क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया. नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उपविकास आयुक्त शब्बीर अहमद व सदर अनुमंडल सुलोचना मीणा के नेतृत्व में फ्लैग मार्च शहर के छह मुहान से निकलकर थाना रोड होते हुए पंच मुहांन चौक, कन्नी राम चौक, नदी किनारे आदि विभिन्न मार्गो से होते हुए पुनः छह मुहान पहुंचकर समाप्त हुई नगर आयुक्त, उपविकास आयुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी से शांतिपूर्ण व सौहार्द्र तरीके से रामनवमी मनाने की अपील की. फ्लैग मार्च में अंचल अधिकारी अमरजीत बल्होत्रा, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मणि भूषण प्रसाद, शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, यातायात प्रभारी समाल अहमद सहित जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के अन्य पदाधिकारी व कई जवान शामिल थे.

## दुमका की मयूराक्षी नदी पर मंडरा रहा सूखे का खतरा, किसानों की बढ़ी मुश्किलें



मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमकाः** कहते हैं जल ही जीवन है लेकिन इस साल अप्रैल माह के शुरूआत में ही दुमका जिला के लाइफ लाइन कही जाने वाली मयूराक्षी नदी सहित तमाम छोटी-छोटी नदियां सूख चुकी हैं. जाहिर है इससे लोगों को जल संकट का खतरा महसूस हो रहा है.

मयूराक्षी नदी दुमका की लाइफ लाइन कही जाती है. इसके किनारे रहने वाली बड़ी आबादी इसके पानी पर निर्भर है. लेकिन इस वर्ष अप्रैल माह के प्रथम सप्ताह में ही यह सूख चुकी है. नदी में जहां तहां कुछ गड्ढे हैं, उसमें थोड़ा बहुत पानी है, जो काफी दूषित प्रतीत हो रहा है. कुल मिलाकर मयूराक्षी नदी में पानी नहीं है. इसके साथ ही दुमका में कई अन्य छोटी-छोटी नदियां है. जिसमें मोतीहारा, धोबये, टेपरा, पुसारो, द्वारिका प्रमुख हैं. इन छोटी नदियों का पानी तो पूरी तरह से समाप्त हो चुका है. नदी में पानी की जगह बालू ही बालू नजर आ रहा है.

इसमें सबसे ज्यादा परेशानी नदी के पानी पर सिंचाई व्यवस्था के लिए निर्भर रहने वाले किसानों को हो रही है. किसानों के द्वारा इस सीजन में कद्दू, झींगा, खीरा, करेला के साथ तरबूज लगाया जाता है. लेकिन अब उनके सामने सिंचाई की समस्या उत्पन्न हो गई है. गांव के तालाब और कुओं में पानी कम है तो उससे भी सिंचाई की समुचित व्यवस्था नहीं हो सकती. दूसरी बड़ी समस्या मवेशियों को लेकर भी है. जलाशयों के सूख जाने से उन मवेशियों के लिए भी पीने की पानी की व्यवस्था में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है. धीरे-धीरे जैसे वक्त बीतेगा, गर्मी बढ़ेगी तो पानी की यह समस्या और विकराल होती जाएगी.

### नगर परिषद सभागार में पार्किंग स्थल को लेकर डाक बंदोबस्ती प्रक्रिया हुई संपन्न



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** नगर परिषद सभागार में गुरुवार को लेखा पदाधिकारी कुमारी पूर्णिमा एवं सिटी मैनेजर वीरेश कुमार यादव की मौजूदगी में शहर में बनाए गए पार्किंग स्थल को लेकर डाक बंदोबस्ती की प्रक्रिया शुरू की गई।जिसमें कई निविदाकताओं ने भाग लिया।उधर डाक बंदोबस्ती की न्यूनतम राशि नगर परिषद के द्वारा 3 लाख 41 हजार 270 रुपए रखी गई थी।जहां शुरूआती बोली 3 लाख 45 हजार रुपए से शुरू हुई जहां सातवा राउंड के बाद अनीश यादव ने 8 लाख 6 हजार रुपए में अधिकतम बोली लगाकर पार्किंग स्थल को अपने नाम कर लिया।वही अंतिम बोली में जयकांत यादव ने 8 लाख 5 हजार रुपए की बोली लगाई थी।

### भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री ने अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच बांटी नगदी व राहत सामग्री का



**साहिबगंज/उधवा :** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री बजरंगी प्रसाद यादव ने गुरुवार को राजमहल विधानसभा क्षेत्र के उधवा प्रखंड के विभिन्न अग्नि पीड़ित परिवारों के बीच नगरी के साथ राहत सामग्री का वितरण किया गया।जानकारी के अनुसार भाजपा नेता बजरंगी प्रसाद यादव को सूचना मिला था। कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में आग लगने से कई घर जलकर राख हो गया है। उसी जानकारी के अनुसार भाजपा नेता बजरंगी प्रसाद यादव ने गुरुवार को उधवा पहुंच कर प्रखंड क्षेत्र के पश्चिमी उधवा पंचायत अंतर्गत खाड़ी टोला में चार,बाबू टोला में एक,पूर्वी प्राणपुर पंचायत के शांति मोड़ में दो तथा राधानगर में एक अग्नि पीड़ित परिवारों से मिलकर घटना से संबंधित जानकारी ली।साथ ही उन्होंने राहत सामग्री जिसमें चावल,तिरपाल साड़ी गुड़ आदि का वितरण किया।वही पीड़िताओं को आर्थिक सहयोग भी किया है।इस संबंध में भाजपा नेता बजरंगी प्रसाद यादव ने कहा कि वह हमेशा लोगों के साथ खड़े हैं।उन्होंने बताया कि जैसे ही उनको सूचना मिला तो उन्होंने तुरंत लोगों के बीच पहुंचकर राहत सामग्री का वितरण किया गया।मौके पर भाजपा नेता पंकज घोष,सुनील प्रमाणिक कृष्ण शर्मा सत्य प्रकाश सिन्हा,मैदुल इस्लाम,संदीप घोष,राहुल मंडल,रूपेश्वर सरकार,पृथ्वीराज,राहुल भगत सहित अन्य मौजूद थे।

## गढ़वा अग्निशमन विभाग में कर्मियों का टोटा चार फायर ब्रिगेड की गाड़ियों पर महज दो चालक



मेट्रो रेज संवाददाता

**गढ़वा :** जिले में अग्निशमन विभाग की स्थिति बेहद दयनीय है. विभाग में कर्मचारियों की भारी कमी है और साथ ही पानी की आपूर्ति की समस्या भी हमेशा बनी रहती है. जिससे विभाग के कार्यों में बाधाएं उत्पन्न होती हैं. आग लगने की बड़ी घटना होने पर विभाग के कर्मचारियों की परेशानी बढ़ जाती है.

दो चालक के भरोसे चार गाड़ियां शहर के कल्याणपुर के जिला कार्यालय में खड़ी गाड़ियां अग्निशमन विभाग की हैं. वर्तमान में गढ़वा जिला के अग्निशमन विभाग के पास पांच दमकल गाड़ियां हैं. जिसमें एक बंशीधर नगर अनुमंडल के पास है जो अलग है. वहीं गढ़वा में कुल चार गाड़ियां हैं, लेकिन चालक केवल दो ही हैं. ऐसे में अगर जिले में एक साथ एक से ज्यादा स्थान में आग लगने की बड़ी घटना हो जाए तो अग्निशमन विभाग के लिए दोनों घटनाओं को संभालना बेहद मुश्किल हो सकता है. क्योंकि गर्मी के मौसम में अक्सर आग लगने की घटनाएं होती हैं.

इस संबंध में अग्निशमन प्रभारी मंटू सिंह ने बताया कि कर्मियों की कमी और पानी की किल्लत विभाग के लिए सबसे बड़ी समस्या है. खासकर गर्मी के दिनों में जल संकट बढ़ जाता है और हमें आग बुझाने में कई बार मुश्किलें आती हैं. साथ ही अगर एक साथ दो बड़ी घटनाएं हो जाती हैं, तो गाड़ियां होने के बाद भी समस्याएं आती हैं. क्योंकि चालक दो ही हैं. हालांकि उन्होंने बताया कि वे खुद भी गाड़ी चलाने में सक्षम हैं. जरूरत पड़ी तो वो खुद गाड़ी लेकर घटनस्थल जाएंगे. उन्होंने कहा कि कर्मियों की कमी के कारण काम प्रभावित नहीं होगा. आग लगने की घटना होने पर गाड़ी भेजी जाती है और आगे भी गाड़ी भेजी जाती रहेगी.

जिले में अग्निशमन विभाग के पास दो बोरिंग है. जिससे अग्निशमन गाड़ियों को पानी मिलता है, लेकिन गर्मी के समय में बोरिंग के पानी का लेयर नीचे चला जाता है. इस कारण समस्या होती है. शहर में इन्हीं दो बोरिंग पर विभाग निर्भर है, लेकिन शहर से बाहर घटना होने पर पानी की व्यवस्था बाहर से ही करनी पड़ती है.



विविएन वेस्टवुड का फैशन शोः

# करीना से लेकर दिशा पटानी तक बॉलीवुड हसीनाओं ने बिखेरा जलवा

प्रसिद्ध फैशन डिजाइनर विविएन वेस्टवुड ने भारत में अपना पहला फैशन शो आयोजित किया, जो मुंबई के ऐतिहासिक गेटवे ऑफ इंडिया पर हुआ। इस शो में फैशन और फिल्म इंडस्ट्री की कई जानी-मानी हस्तियां एकत्रित हुईं। बॉलीवुड की प्रमुख एक्ट्रेसेस जैसे करीना कपूर, जान्हवी कपूर, दिशा पटानी ने इस इवेंट में अपने ग्लैमरस अंदाज से फैशन की दुनिया में चार चांद लगाए।



# राशि ने अपनी एनर्जेटिक जिम रूटीन से फिटनेस को बनाया मजेदार!

कौन कहता है कि वर्कआउट सिर्फ पसीना बहाने और थकने का नाम है? पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना फिटनेस को एक नया रूप दे रही हैं, जहां मेहनत और मस्ती का अनोखा मेल देखने को मिल रहा है! अपनी सीमाओं को लगातार आगे बढ़ाने वाली राशि इन दिनों जिम में पहले से ज्यादा मेहनत कर रही हैं, लेकिन उनके वर्कआउट सेशन्स में सिर्फ इंटेंस एक्सरसाइज़ ही नहीं, बल्कि ढेर सारी मस्ती और जोश भी शामिल है। अपनी हालिया सोशल मीडिया पोस्ट में, राशि एकदम बीस्ट मोड में नजर आ रही हैं—वेट लिफ्टिंग, एगिलिटी ड्रिल्स और जबरदस्त वर्कआउट कर रही है। लेकिन जो चीज़ उनकी रूटीन को सबसे ज्यादा प्रेरणादायक बनाती है, वो है उनकी इंफेक्शियस एनर्जी और चुलबुला अंदाज। एक्सरसाइज़ के बीच-बीच में वह अपने ट्रेनर के साथ मजेदार पल भी शेयर कर रही हैं, यह साबित करते हुए कि मेहनत और मस्ती एक साथ चल सकते हैं। उन्होंने इस पोस्ट के साथ लिखा, एवरी डे, आई शो अप। एवरी डे, आई कम्प्लेन। एवरी डे, आई सर्वाइव। रिलेटेबल? राशि के फिटनेस सफर की यह झलक प्रशंसकों को काफी पसंद आ रही है, लोग उनकी मेहनत और पॉजिटिव एनर्जी की तारीफ कर रहे हैं। 'द साबरमती रिपोर्ट' में अपने दमदार किरदार से सबका दिल जीतने वाली राशि आज की सबसे प्रतिभाशाली पैन-इंडिया स्टार्स में से एक मानी जाती हैं और वह स्क्रीन के अंदर और बाहर, दोनों जगह अपने फैंस को लगातार प्रभावित कर रही हैं। राशि ने हाल ही में इस साल के लिए कुछ रोमांचक प्रोजेक्ट्स की ओर इशारा किया है, हालांकि अभी तक ज्यादा डिटेल्स सामने नहीं आई हैं। इसके अलावा, उन्हें एक्सेल एंटरटेनमेंट के ऑफिस में स्पॉट किया गया, जिससे फैंस के बीच उनके अगले प्रोजेक्ट को लेकर एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। फिटनेस, मस्ती और प्रोफेशनल सफलता को बैलेंस करते हुए राशि खन्ना लगातार यह साबित कर रही हैं कि वह इंडस्ट्री की सबसे शानदार और दमदार कलाकारों में से एक हैं!

# आईएसएल-दूसरे सेमीफाइनल का पहला मैचः मोहन बागान को पटकनी देकर जमशेदपुर ने बढ़त बनाई

एजेंसी

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ने गुरुवार रात उलटफेर भरी जीत हासिल कर इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 के दूसरे डबल-लेग सेमीफाइनल में लीग शील्ड विजेता मोहन बागान सुपर जायंट्स 1-0 की बढ़त बनी ली है। मेजबान टीम जमशेदपुर एफसी ने अपने घरेलू मैदान जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए आईएसएल 2024-25 के दूसरे सेमीफाइनल के पहले चरण के मुकाबले में फेवरेट मोहन बागान सुपर जायंट पर 2-1 से उलटफेर भरी जीत दर्ज की। रेड माइनर्स की शानदार जीत में स्पेनिश स्ट्राइकर हावी सिवेरियो ने 24वें और कप्तान व स्पेनिश अटैकिंग मिडफील्डर हावी हर्नांडेज ने 90+1वें मिनट में गोल किए। मेजबान टीम के कप्तान हावी हर्नांडेज को निर्णायक गोल करने और पूरे समय मैदान पर मशक्कत करने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया।




जमशेदपुर की अप्रत्याशित जीत से मुख्य कोच खालिद जमील निश्चित तौर पर प्रसन्न होंगे, क्योंकि साल्ट लेक स्टेडियम में खेले जाने वाले सेमीफाइनल के दूसरे चरण के मुकाबले में उनकी टीम पर दबाव कम होगा। वहीं, जीत की दावेदार होने के बावजूद मोहन बागान सुपर जायंट की इस हार से स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना जरूर निराश होंगे, क्योंकि उनकी टीम को अपने घर पर बेहतर गोल अंतर के साथ जीत हर हाल में हासिल करनी पड़ेगी। मैच का पहला गोल 24वें मिनट में आया, जब स्पेनिश स्ट्राइकर हावी सिवेरियो ने जमशेदपुर एफसी को शुरूआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया। अटैकिंग थर्ड पर बायीं तरफ टच-लाइन से थ्रो-इन पर लेफ्ट-बैक मोहम्मद ओवैस ने गेंद को बॉक्स के अंदर फेंका, जिस पर नियर पोस्ट से नाइजीरियाई सेंटर-बैक स्टीफन ने हैडर से गेंद को फ्लिक करके फार पोस्ट की तरफ पहुंचा, जहां छह गज के खतरनाक इलाके में मौजूद सिवेरियो ने सटीक हैडर लगाया और गेंद टिप्पा खाकर राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में जा उलझी जबकि मोहन बागान सुपर जायंट के गोलकीपर विशाल कैथ के पास बचाव का कोई मौका नहीं था। 37वें मिनट में ऑस्ट्रेलियाई फॉरवर्ड जैसन कमिंग्स ने फ्री-किक पर शानदार गोल करके मोहन बागान सुपर जायंट को 1-1 की बराबरी दिला दी। अटैकिंग थर्ड पर मिली फ्री-किक पर जैसन ने लगभग 35 गज की दूरी से करारा लेफ्ट फुटर शॉट लगाकर गेंद को टॉप राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में उलझा दिया जबकि जमशेदपुर एफसी के गोलकीपर एल्बिनो गोम्स अपने बायीं तरफ डाइव लगाने के

ज्ञानवापी फाइल्स का पहला पोस्टर जारी

# दर्जी कन्हैया लाल की भूमिका में नजर आएंगे विजय राज



दर्जी कन्हैया लाल की क्रूर हत्या पर आधारित एक फिल्म ज्ञानवापी फाइल्स- ए टेलर मर्डर स्टोरी रिलीज के लिए तैयार है, जिसमें मशहूर बॉलीवुड अभिनेता विजय राज मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म का पहला आधिकारिक पोस्टर आज जारी किया गया, जो एक बेहद चर्चित प्रोजेक्ट की शुरुआत है। अभिनेता का फिल्म से पहला लुक भी जारी हुआ है।

### फिल्म का पहला पोस्टर

निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज की तारीख का भी एलान किया है। यह फिल्म 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की घोषणा आज 2 अप्रैल 2025 को सोशल मीडिया पर की गई। फिल्म के पहले पोस्टर के साथ कैप्शन में लिखा गया, उस कहानी के गवाह बनें, जिसे बताया जाना चाहिए। ज्ञानवापी फाइल्स- ए टेलर मर्डर स्टोरी 27 जून को सिनेमाघरों में।

### कैसी होगी फिल्म की कहानी

मामले की संवेदनशील प्रकृति को देखते हुए फिल्म की घोषणा ने पहले ही महत्वपूर्ण चर्चा को जन्म दे दिया है। हालांकि, फिल्म निर्माताओं ने अभी तक कहानी कहने के तरीके के बारे में विवरण का खुलासा नहीं किया है, लेकिन उम्मीद है कि इस परियोजना में हत्या और उसके बाद की घटनाओं को गहराई से दिखाया जाएगा।

### क्या था पूरा मामला

दरअसल, कन्हैया लाल की जून 2022 में उदयपुर में दो हमलावरों ने दिनदहाड़े सिर काटकर हत्या कर दी थी। हमलावरों ने बाद में हत्या की बात कबूल करते हुए एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि यह नूपुर शर्मा के समर्थन में सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का बदला था। भाजपा के पूर्व प्रवक्ता शर्मा ने पैगंबर मुहम्मद के बारे में टिप्पणी करके विवाद खड़ा कर दिया था, जिसके कारण व्यापक विरोध प्रदर्शन हुए थे।



# कांचा गाचीबोवली मामले को लेकर ऋचा चड्ढा ने राहुल गांधी को घेरा

बॉलीवुड अभिनेत्री ऋचा चड्ढा अपनी फिल्मों के अलावा बेबाकी से अपनी राय रखने के लिए भी जानी जाती हैं। अब एक बार फिर अभिनेत्री ने एक मामले पर अपनी राय रखी है। उन्होंने तेलंगाना में 400 एकड़ की वन भूमि को नष्ट किए जाने पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी की आलोचना की है।

**रिचा ने राहुल गांधी से कही बात**

अभिनेत्री ने सोशल मीडिया पर इस मामले से जुड़े एक वीडियो को अपने एक्स अकाउंट पर री-शेयर करते हुए राहुल गांधी को मेंशन करते हुए लिखा, राहुल गांधी, बहुत मोहब्बत हो गई। कुछ मोहब्बत प्रकृति के लिए भी करो। अपनी इस पोस्ट में ऋचा चड्ढा ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को भी मेंशन किया है।

**मामले को लेकर काफी एक्टिव हैं अभिनेत्री**

ऋचा इस मामले पर लगातार सक्रिय दिख रही हैं और वो इस पूरे मामले को लेकर लगातार ट्वीट कर रही हैं या लोगों के ट्वीट को रिट्वीट कर रही हैं। एक और पोस्ट को री-शेयर करते हुए अभिनेत्री ने लिखा, कांचा गाचीबोवली को बचाओ। मुख्यमंत्री को टैग करो, नेतृत्व को टैग करो। जंगल किसी की व्यक्तिगत संपत्ति नहीं है।

**सरकार के फैसले का हो रहा विरोध**

बता दें कि हैदराबाद विश्वविद्यालय के परिसर में स्थिति कांचा गाचीबोवली जंगल में जैव विविधता से भरपूर जमीन की निकासी और नीलामी के खिलाफ तेलंगाना में प्रदर्शन हो रहे हैं। आज तेलंगाना पुलिस ने विश्वविद्यालय के छात्रों और यूनिवर्सिटी से जुड़े प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज भी किया। क्योंकि उन्होंने अपना विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया था। उनमें से कुछ को हिरासत में भी लिया गया। हालांकि, विरोध के बावजूद तेलंगाना सरकार ने रंगारेड्डी जिले के कांचा गाचीबोवली में 400 एकड़ वन भूमि को साफ कर दिया है। सरकार इस भूमि की नीलामी करने की योजना बना रही है, जिससे 10,000 से 15,000 करोड़ रुपये के बीच राजस्व मिलने की उम्मीद है, साथ ही विश्व स्तरीय आईटी पार्क और शहरी स्थान विकसित करने का प्रस्ताव है।

# सहज किरदार और हर विधा में करना चाहता हूं कामः राघव जुयाल

अभिनेता राघव जुयाल ने अपनी आकांक्षाओं के बारे में बात की और कहा कि वह हर विधा में काम करना चाहते हैं। उन्होंने बताया कि वह मजेदार और सहज किरदार निभाना चाहते हैं। राघव ने कहा, मैं हर विधा में काम करना चाहता हूं और मजेदार, सहज किरदार निभाना चाहता हूं, जहां मैं बस आराम से रह सकूं और अच्छा समय बिता सकूं, लेकिन साथ ही शानदार और चुनौतीपूर्ण भूमिकाएं भी निभाना चाहता हूं, जो मुझे प्रेरित करती हैं। उन्होंने कहा, मैं अभिनय करूंगा, मैं डांस करूंगा, मैं होस्ट करूंगा और मैं इस इंडस्ट्री में पेश की जाने वाली हर चीज करूंगा। मैं कुछ भी मिस नहीं करना चाहता, मैं सब कुछ करना चाहता हूं। राघव हाल ही में एक्शन फिल्म किल में नजर आए थे। उन्होंने कहा कि आलोचना एक व्यक्ति को अपने काम को बेहतर बनाने में मदद करती है। आलोचकों ने उनके जीवन को आकार दिया है। उन्होंने बताया, मेरी जिंदगी आलोचकों द्वारा बनाई गई है, मेरे करियर में बदलाव उनके द्वारा प्राप्त मान्यता के कारण हुआ, खासकर किल के साथ। यह एक अभिनेता के लिए काम करता है क्योंकि इससे अधिक अवसर भी मिलते हैं। अपनी छवि को किसी ऐसी चीज से बदलना अविश्वसनीय रूप से कठिन है जिसके लिए आप प्रसिद्ध हैं। राघव को स्लो स्पीड की शैली में उनके डांस और भारत में स्लो मोशन वॉक के लिए स्लो मोशन किंग के रूप में जाना जाता है। वे डांस रियलिटी शो डांस इंडिया डांस 3 में एक प्रतियोगी और फाइनलिस्ट होने और डांस इंडिया डांस लिटिल मास्टर्स 2 जैसे शोज में उनकी टीम की प्रस्तुति से लोकप्रिय हुए थे।



उन्होंने 2014 में चारुदत्त आचार्य के निर्देशन में बनी कॉमेडी ड्रामा फिल्म सोनाली केबल से अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी।

### स्त्री 2 के बाद बड़ा धमाल मचाएंगी श्रद्धा



श्रद्धा कपूर ने हाल ही में हॉरर-कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 से दर्शकों का दिल जीता था। इसके बाद से उन्होंने अपनी अगली फिल्म की कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की थी। हालांकि, अब खबर आ रही है कि श्रद्धा जल्द ही तुम्बाड़ के निर्देशक राही अनिल बर्वे के साथ एक नया प्रोजेक्ट शुरू करने वाली हैं। इस फिल्म का निर्माण एकता कपूर करेंगी।

**तुम्बाड़ के निर्देशक के साथ करने जा रहीं काम**

हालांकि, अभी इसकी कहानी और नाम का खुलासा नहीं हुआ है। पिंकविला की एक रिपोर्ट के मुताबिक श्रद्धा और एकता कपूर कई फिल्मों को लेकर बातचीत कर रही हैं।

# कार्तिक आर्यन, करण जौहर और महावीर जैन एक बड़े बजट की कॉमेडी ट्राइलॉजी के लिए साथ आएः रिपोर्ट



कार्तिक आर्यन और करण जौहर एक बार फिर साथ काम करने के लिए तैयार हैं, और इस बार, वे निर्माता महावीर जैन के साथ एक महत्वाकांक्षी कॉमेडी ट्राइलॉजी के लिए साथ आ रहे हैं। हाल ही में कार्तिक और करण ने रोमांटिक कॉमेडी तू मेरी मैं तेरा, मैं तेरा तू मेरी की शूटिंग शुरू की थी, और अब यह जोड़ी एक हाई-कॉन्सेप्ट फिल्म के लिए साथ आ रही है, जो हंसी, सरप्राइज और शानदार विजुअल्स से भरपूर होगी। एक रिपोर्ट के अनुसार, इस प्रोजेक्ट का निर्देशन फुकरे फ्रेंचाइजी के निर्देशक मृगदीप सिंह लांबा करेंगे। इस प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने खुलासा किया, मृगदीप सिंह लांबा लंबे समय से इस हाई-कॉन्सेप्ट कॉमेडी पर काम कर रहे हैं, और इसे एक ट्राइलॉजी के रूप में बनाया जा रहा है, जिसमें कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका निभाएंगे। करण को यह कॉन्सेप्ट बेहद पसंद आया और उन्होंने तुरंत इस प्रोजेक्ट को बड़े पर्दे के लिए प्रोड्यूस करने के लिए हामी भर दी। इस स्क्रिप्ट में हर वर्ग के सिनेमा प्रेमियों से जुड़ने की क्षमता है।

फिल्म फिलहाल प्री-प्रोडक्शन स्टेज में है, और टीम इसकी भव्यता और विजुअल अपील पर काम कर रही है ताकि इसे एक अनोखा सिनेमाई अनुभव बनाया जा सके। फिल्म की अवधारणा को लेकर सूत्र ने आगे बताया, ÷यह सिर्फ एक कॉमेडी से कहीं बढ़कर है, क्योंकि मेकर्स इसे बड़े स्केल और शानदार विजुअल्स के साथ दर्शकों को चौंकाने के इरादे से बना रहे हैं। फिलहाल फिल्म की प्री-प्रोडक्शन प्रक्रिया चल रही है और यह सितंबर 2025 में फ्लोर पर जाएगी। प्रोजेक्ट के पैमाने को देखते हुए, निर्माता 2026 में रिलीज़ की उम्मीद कर रहे हैं। इस सहयोग से कार्तिक आर्यन की फिल्मोग्राफी में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि होने की उम्मीद है, क्योंकि वह लगातार खुद को एक बहुमुखी कलाकार के रूप में स्थापित कर रहे हैं, खासकर कॉमेडी शैली में। करण जौहर के लिए भी यह फिल्म उनके बैनर धर्मा प्रोडक्शंस के तहत एक और रोमांचक प्रोजेक्ट साबित होगी, जहां वह कॉमेडी जॉनर को एक नए दृष्टिकोण से एक्सप्लोर कर रहे हैं। वहीं, मृगदीप सिंह लांबा के निर्देशन में, जो पहले भी दर्शकों को पसंद आने वाली एंटरटेनिंग फिल्में दे चुके हैं, इस फिल्म से काफी उम्मीदें लगाई जा रही हैं।

# कार्तिक आर्यन की फिल्म से आउट हुई श्रीलीला, इस बॉलीवुड अभिनेत्री ने छीना रोल



पुष्पा 2 के किसिक गाने में अपने बेहतरीन डांस से सभी को अपना दीवाना बना चुकीं श्रीलीला को बॉलीवुड की एक फिल्म से दरकिनार कर दिया है और अब उनकी जगह एक बॉलीवुड अभिनेत्री को ले लिया गया है, जो पहले ही उई अम्मा गाने से आपको अपना दीवाना बना चुकी हैं। श्रीलीला इन दिनों अपनी कई फिल्मों को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं, जिनमें हाल ही में साउथ अभिनेता नितिन के साथ उनकी तेलुगु फिल्म रॉबिनहुड रिलीज हुई है। वहीं श्रीलीला, कार्तिक के साथ एक अनाम फिल्म में नजर आएंगी, लेकिन वहीं अब उन्हें कार्तिक की ही एक फिल्म से निकाल दिया गया है, जिसकी वजह और कोई नहीं बल्कि रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी हैं। खबर के मुताबिक, श्रीलीला को कार्तिक आर्यन के साथ फिल्म पती पत्नी और वो के सीक्वल में फाइनल कर लिया गया था, लेकिन आखिरी मौके पर फिल्म के निर्माताओं ने उन्हें हटा दिया। कहा जा रहा है कि यह फिल्म पति पत्नी और वो का सीक्वल है, जिसमें श्रीलीला को लगभग फाइनल कर ही लिया गया था।

# हैदराबाद पर मिली जीत के बाद केकेआर के उपकप्तान वेंकटेश अय्यर ने कहा-सकारात्मक लेकिन सही इरादे दिखाना जरूरी

एजेंसी

**कोलकाता :** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के उप-कप्तान वेंकटेश अय्यर ने टाटा आईपीएल 2025 में सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) पर मिली 80 रनों की धमाकेदार जीत के बाद टीम के प्रदर्शन पर विस्तार से बात की। उन्होंने मैच की स्थितियों को पढ़ने और उसी के अनुसार ढलने के महत्व को रेखांकित किया। अय्यर ने 29 गेंदों में 7 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 60 रनों की तेजतर्रार पारी खेली, जिससे केकेआर ने ईडन गार्डन्स में पिछले सीजन के फाइनल की पुनरावृत्ति में 200 रनों का मजबूत स्कोर खड़ा किया। अय्यर ने मैच के बाद कहा, ₹आक्रामकता का एक मूल




लेकिन महत्वपूर्ण अर्थ है सकारात्मक लेकिन सही इरादा दिखाना, अगर हमारी टीम 50 पर 6 है और मैं तब भी हर गेंद को हिट करने जाऊं, तो वह भले ही सकारात्मक लगे, लेकिन सही नहीं है। स्मार्ट क्रिकेटर कहलाने के लिए जरूरी है कि हम स्थिति को समझें और फिर प्रतिक्रिया दें। अय्यर ने स्पष्ट किया कि केकेआर के लिए आक्रामकता का मतलब हर गेंद पर बाउंड्री मारना नहीं है। आक्रामकता का अर्थ है परिस्थितियों को समझना और उन्हें अपने पक्ष में कैसे मोड़ा जाए, यह जानना। उन्होंने कप्तान अजिंक्य रहाणे और युवा बल्लेबाज अंकृष रघुवंशी की भी सराहना की, जिनकी सलाह ने उन्हें पिच को बेहतर ढंग से समझने में मदद की। रहाणे और अय्यर ने 51 गेंदों में 81 रनों की साझेदारी की, जिसमें रहाणे ने 38 रन बनाए और रघुवंशी ने अर्धशतक जमाया। अय्यर ने कहा, ₹टाइमआउट के दौरान मुख्य बातचीत अजिंक्य और अंकृष द्वारा की गई। उन्होंने यह समझाया कि यह पिच इतनी आसान नहीं है कि आते ही हिटिंग शुरू कर दें। आपको थोड़ा समय लेना होगा।

केकेआर की बल्लेबाजी रणनीति में अय्यर और रिंकू सिंह ने आधार तैयार किया, जिसके बाद अंतिम ओवरों में आक्रमण की योजना थी। अय्यर ने कहा, ₹मेरे पास यह लग्जरी है कि हमारे पास रिंकू, रमनदीप और रसेल जैसे बल्लेबाज हैं। अगर मैं कुछ गेंदें लेता हूं, तो भी हम उसे कवर कर सकते हैं। हमारे पास एक इंजन रूम है जो किसी भी गेंदबाजी आक्रमण को ध्वस्त कर सकता है। एसआरएच की अत्यधिक आक्रामक बल्लेबाजी रणनीति पर बात करते हुए, जिसे केकेआर के गेंदबाजों झ्र विशेषकर वैभव अरोड़ा और वरुण चक्रवर्ती (तीन-तीन विकेट) झ्र ने धराशायी कर दिया, अय्यर ने कहा, ₹एसआरएच के खिलाफ कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं लगता। जब कोई टीम बेहद आक्रामक होती है, तो उसके विकेट जल्दी गिरने का जोखिम भी अधिक होता है, और हमने इसी का फायदा उठाया। अंत में अय्यर ने भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की वापसी पर भी खुशी जताई। उन्होंने कहा, ₹मेरे अंदर का क्रिकेट फैन बहुत खुश है कि शमी भाई फिर से पूरी रफ्तार में दौड़ रहे हैं। रणजी ट्रॉफी में उन्हें खेलना बेहद चुनौतीपूर्ण था, और टी20 में तो अगर गेंदबाज गलती करे, तो वह आसानी से बाउंड्री बन सकती है।

# 72 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलाएगी मध्य रेलवे

एजेंसी



**मुंबई :** ग्रीष्मावकाश के दौरान यात्रियों की होने वाली भीड़ को देखते हुए मध्य रेलवे ने मुंबई से 72 अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। विशेष किराए पर चलने वाली ये ट्रेनें एलटीटी से रक्सौल, सहरसा, धनबाद के लिए चलाई जा रही हैं। अब तक मध्य रेलवे ने 278 अनारक्षित ट्रेनों सहित कुल 1058 स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। मध्य रेलवे के जनसम्पर्क विभाग से जारी विज्ञप्ति के अनुसार 72 स?पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है। एलटीटी मुंबई-रक्सौल-एलटीटी मुंबई साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)ः ट्रेन संख्या 05558 विशेष 10 अप्रैल 2025 से 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को एलटीटी मुंबई से 07.55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.50 बजे रक्सौल पहुंचेगी। मुंबई से कुल 12 सेवाएं संचालित की जाएगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 05557 विशेष 8 अप्रैल 2025 से 24 जून 2025 तक मंगलवार को 19.15 बजे रक्सौल से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 05.50 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। कुल 12 सेवाएं सेवाएं रक्सौल से संचालित की जाएगी। इन ट्रेनों को कल्याण, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, सीतामढी और बैरगनिया स्टेशन पर ठहराव दिया गया है। एलटीटी मुंबई-सहरसा-एलटीटी मुंबई साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)ः ट्रेन संख्या 05586 विशेष 13 अप्रैल 2025 से 29 जून 2025 तक प्रत्येक रविवार को 16.35 बजे एलटीटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 09.00 बजे सहरसा पहुंचेगी। मुंबई से कुल 12 सेवाएं संचालित होंगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 05585 विशेष ट्रेन 11 अप्रैल 2025 से 27 जून 2025 तक प्रत्येक शुक्रवार को 17.45 बजे सहरसा से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 05.30 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी। सहरसा से कुल 12 सेवाएं संचालित होंगी। इन ट्रेनों को कल्याण, मनमाड, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, प्रयागराज छिवकी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, हसनपुर रोड, खगड़िया, मानकर और सिमरी भक्तियारपुर स्टेशनों पर ठहराव दिया गया है।

एलटीटी मुंबई-धनबाद-एलटीटी मुंबई साप्ताहिक विशेष (24 सेवा)ः ट्रेन संख्या 03380 विशेष 10 अप्रैल 2025 से 26 जून 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को 17:00 बजे एलटीटी मुंबई से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 08.00 बजे धनबाद पहुंचेगी। मुंबई से कुल 12 सेवाएं संचालित होंगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 03379 विशेष 8 अप्रैल 2025 से 24 जून 2025 तक प्रत्येक मंगलवार को 23.00 बजे धनबाद से प्रस्थान करेगी और तीसरे दिन 14.15 बजे एलटीटी मुंबई पहुंचेगी।

## दो समर स्पेशल ट्रेनें चलाएगी पश्चिम रेलवे

**मुंबई :** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा स्पेशल रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए स्पेशल किराये पर दो स?पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के जनसम्पर्क विभाग से जारी विज्ञप्ति के अनुसार इन स?पेशल ट्रेनों का विवरण इस प्रकार है। ट्रेन संख्या 09029/09030 बांद्रा टर्मिनस–बनारस सुपरफास्ट स्पेशल (अनारक्षित) [24 फेरे]ः ट्रेन संख्या 09029 बांद्रा टर्मिनस–बनारस सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक गुरुवार को 04.30 बजे बांद्रा टर्मिनस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 06.30 बजे बनारस पहुंचेगी। यह ट्रेन 10 अप्रैल से 26 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09030 बनारस–बांद्रा टर्मिनस सुपरफास्ट स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को 09.30 बजे बनारस से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 12.15 बजे बांद्रा टर्मिनस पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 अप्रैल से 27 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में बोरीवली, बोईसर, वापी, भेस्तान, चलथान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, मदनमहल, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज जं. और ज्ञानपुर रोड स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09033/09034 उधना–बरौनी साप्ताहिक स्पेशल [24 फेरे]ः ट्रेन संख्या 09033 उधना–बरौनी स्पेशल प्रत्येक बुधवार को 20.35 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और शुक्रवार को 03.00 बजे बरौनी पहुंचेगी। यह ट्रेन 09 अप्रैल से 25 जून, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 09034 बरौनी–उधना स्पेशल प्रत्येक शुक्रवार को 05.30 बजे बरौनी से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16.30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 11 अप्रैल से 27 जून, 2025 तक चलेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, पटना, बख्तियारपुर और मोकामा स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में एसी 2–टियर, एसी 3–टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकंड क्लास कोच होंगे। ट्रेन संख्या 09033 की बुकिंग 5 अप्रैल, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और काळ्ळउ की वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के समय, ठहराव और संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी www.enquiry.indianrail.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

# वक़्फ बोर्ड संशोधन बिल से भ्रष्टाचार खत्म होगा : केशव प्रसाद मौर्य

एजेंसी



**लखनऊ :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि वक़्फ बोर्ड संशोधन बिल लाना एक ऐतिहासिक निर्णय है। इस बिल से भ्रष्टाचार खत्म होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक और बड़ा सुधार होने जा रहा है। लोकसभा और राज्यसभा से वक़्फ बोर्ड संशोधन बिल पास होने पर देश के उन गरीब मुस्लिम परिवारों को बधाई, जिन्हें इसका सबसे अधिक लाभ मिलेगा। जैसे अनुच्छेद 370 और 35ए हटाकर देश को राष्ट्रीय कैंसर से मुक्त किया, श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर बनवाया, तीन तलाक की प्रथा समाप्त कर मुस्लिम बहनों को न्याय दिलाया, वैसे ही वक़्फ बोर्ड संशोधन बिल से भ्रष्टाचार खत्म होगा और जरूरतमंदों को उनका हक मिलेगा। उप मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर की पोस्ट में लिखा कि आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत देश को आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में यह एक और बड़ा कदम है। जो आज इसका विरोध कर रहे हैं, वे आने वाले समय में इसके दूरगामी लाभ देखकर स्वयं माफी मांगेंगे। उन्होंने पोस्ट में आगे कहा कि उम्मीद का दूसरा नाम प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है और नाउम्मीद का दूसरा नाम गांधी परिवार। गांधी परिवार और उनके हमराहियों की पीठ पर सवार होकर 'कथित वक़्फ बोर्ड' समूचे भारत की जमीनों को अल्लाह के नाम पर निगलना चाहता था। मोदी सरकार ने उस कुत्सित मंशा का पदार्फाश कर उनके 'गजवा-ए-हिंद' के सपने को चकनाचूर कर दिया है।

## सड़क दुर्घटना में पांच लोग घायल

**अनंतनाग :** अनंतनाग जिले के मीरबाजार इलाके में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार को एक सड़क दुर्घटना में कम से कम पांच लोग घायल हो गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर-जम्मू राष्ट्रीय राजमार्ग पर मीरबाजार के पास एक वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गया जिससे पांच लोग घायल हो गए। उन्होंने बताया कि घायलों को इलाज के लिए जीएमसी अनंतनाग ले जाया गया है। घायलों की पहचान नुसरत (40) पत्नी मोहम्मद जबर कसीना, सीरत जान (9) पुत्री मोहम्मद जाबिर कसीना, सज्जाद अहमद (19) पुत्र मंजूर अहमद, अजरार (14) पुत्र मोहम्मद खालिद, अबरार (13) पुत्र मोहम्मद जाबिर के रूप में हुई है। ये सभी बकरवाल चक काजीगुंड के निवासी हैं। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज करके आगे की जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षक भर्ती घोटाले पर भाजपा ने ममता सरकार को घेरा, पश्चिम बंगाल को बताया- भ्रष्टाचार का गढ़

एजेंसी



**नई दिल्ली :** शिक्षक भर्ती घोटाले पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर हमलावर है। भाजपा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में सांसद डॉ. संबित पात्रा ने कहा कि बंगाल में जो हो रहा है, उससे सभी वाकिफ हैं। बंगाल की परिस्थिति, बंगाल का भ्रष्टाचार, बंगाल में दीदी की दादागिरी आज पूरे भारत में ही नहीं बल्कि विश्व में लोग देख रहे हैं। संबित पात्रा ने कहा कि ममता बनर्जी और उनकी सरकार में बंगाल में जिस प्रकार खुलेआम भ्रष्टाचार हो रहा है, आज उसकी गाज लाखों लोगों पर पड़ी है। कल सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में हुए 2016 से 2021 के बीच हुए स्कूल भर्ती घोटाले पर निर्णय दिया है। लगभग 23-24 लाख आवेदकों ने बंगाल में टीचर और नॉन टीचिंग स्टाफ की पोस्ट के विज्ञापन के बाद उसके लिए आवेदन किया था और 2016 से 2021 के बीच लगभग 25,780 से अधिक टीचर और नॉन टीचिंग स्टाफ को नियुक्ति दी गई थी। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें इतनी बड़ी मात्रा में भ्रष्टाचार हुआ था कि इस विषय को लेकर अनेक लोग कोर्ट में गए थे और उस समय बंगाल में इसे स्कूल भर्ती घोटाले के नाम से जाना गया। उन्होंने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट ने बंगाल में 2016 से 2021 के बीच हुए स्कूल भर्ती घोटाले पर अपना फैसला सुनाया। विज्ञापन प्रकाशित होने के बाद बंगाल में शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारियों के पदों के लिए लगभग 2.3 से 2.4 मिलियन आवेदकों ने आवेदन किया। 2016 से 2021 के बीच 25,780 से अधिक शिक्षक और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति की गई। उन्होंने कहा कि कल सुप्रीम कोर्ट ने इस घोटाले को लेकर अपना निर्णय देते हुए कहा कि हमने इस केस के तथ्य को जांचा है और पूरा का पूरा मामला यानी भर्ती प्रक्रिया में धांधली की गई है, इसमें धोखाधड़ी की गई है और इस मामले में विश्वनीयता एवं पात्रता की धज्जियां उड़ाई गई है। पात्रा ने कहा कि हरियाणा में दूसरी पार्टी के एक पूर्व मुख्यमंत्री को इसी तरह के भर्ती घोटाले में जेल जाना पड़ा था। दीदी भी जेल जाएंगी। अगर हम पश्चिम बंगाल में सत्ता में आए तो ममता बनर्जी पर कानून की पूरी ताकत पड़ेगी। संबित पात्रा ने कहा कि पश्चिम बंगाल में कभी शिक्षकों का सम्मान होता था, लेकिन ममता बनर्जी की वजह से एक गोल्ड मेडलिस्ट को रोना पड़ रहा है।

# केदारनाथ यात्रा के लिए स्थानीय उत्पादों से प्रसाद बनाने का काम शुरू

एजेंसी

**रुद्रप्रयाग :** आगामी दो मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा के लिए चौलाई के लड्डू सहित स्थानीय उत्पादों का प्रसाद बनाने का कार्य महिला समूहों ने शुरू कर दिया है। मेदनपुर गांव में आठ महिला समूहों की महिलाएं प्रसाद बनाने में जुट गई हैं। इस वर्ष समूहों के द्वारा चौलाई के लड्डू बनाने के लिए 100 क्विंटल चौलाई खरीदा गया है। वर्ष 2018 में तत्कालीन जिलाधिकारी मंगेश घिल्डियाल की पहल पर यात्रा में स्थानीय उत्पाद का प्रसाद शामिल किया गया था, जिसमें चौलाई के लड्डू, चूरण, गंगा जल, बेल पत्र, धूप सहित नौ उत्पाद शामिल हैं। बीते छह वर्षों में महिला समूहों के द्वारा केदारनाथ यात्रा में स्थानीय उत्पादों का प्रसाद तैयार किया जा रहा है। प्रसाद बनाने के लिए काश्तकारों से चौलाई की खरीद की जा रही है, जिससे उन्हें भी लाभ मिल रहा है। इस वर्ष भी केदारनाथ यात्रा के लिए गंगा दुग्ध उत्पादन महिला स्वयं सहायता समूह ने प्रसाद बनाने का काम शुरू कर दिया है। हर्बल धूप और जूट के बैग भी तैयार किये जा रहे हैं। समूह से जुड़ी कंचन सजवाण, उर्मिला देवी व सावित्री देवी का कहना है कि वह अपने पशुपालन, खेतीबाड़ी और घर के कामकाज के साथ ही प्रसाद बनाने का काम भी कर रही हैं। मुख्य विकास अधिकारी डा. गणेश सिंह खाती ने बताया कि वर्ष 2018 से वह समूह के साथ मिलकर काम कर रही है, जिससे उनकी आर्थिकी को भी बल मिल रहा है। इधर, गंगा दुग्ध उत्पादन महिला स्वयं सहायता समूह के संरक्षण लक्ष्मण सिंह सजवाण बताते हैं कि वर्ष 2018 में शुरू हुई यह पहल प्रतिवर्ष सफल हो रही है। इनका कहना है--महिला समूहों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें केदारनाथ प्रसाद बनाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। आगामी दो मई से शुरू हो रही केदारनाथ यात्रा के लिए समूहों ने प्रसाद बनाने का काम शुरू कर दिया है। समूहों के कार्य का स्थलीय निरीक्षण भी किया जाएगा।

## भीषण आग में दस दुकानें जलकर राख

**अलीपुरद्वार :** जिले के असम–बंगाल सीमा के बारबिशा इलाके में लगी भीषण आग में दस दुकानें जलकर राख हो गई हैं। आग गुरुवार देर रात करीब दो बजे लगी है। घटना में किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। हालांकि आग से करोड़ों रुपये से अधिक का नुकसान होने की आशंका जताई गई है। स्थानीय व्यवसायियों के अनुसार, देर रात अचानक आग लग गई। जिसके बाद इसकी सुचना अग्निशमन विभाग को दी गई। सुचना पर बारबिशा फायर ब्रिगेड की एक इंजन मौके पर पहुंची। हालांकि आग भयावह होने की वजह से बाद में अलीपुरद्वार से एक और इंजन मौके पर पहुंची। कई घंटों की मशक्कत के बाद दमकलकर्मियों ने आग पर काबू पाया। तब तक आग से फर्नीचर दुकान, कॉस्मेटिक दुकान, इलेक्ट्रॉनिक दुकान समेत कुल दस दुकानें जलकर राख हो चुकी थी। व्यवसायियों ने बताया है कि आग में करोड़ों रुपये की क्षति हुई है।

## दिग्गज फिल्मकार मनोज कुमार के निधन पर ममता बनर्जी ने जताया शोक

एजेंसी

**कोलकाता :** दिग्गज अभिनेता और फिल्म निमार्ता-निर्देशक मनोज कुमार के निधन पर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने उन्हें श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि उनकी देशभक्ति से भरपूर फिल्मों ने सिनेमा जगत में एक अलग पहचान बनाई। ममता बनर्जी ने ट्वीट कर लिखा, ₹वयोवृद्ध अभिनेता और फिल्म निमार्ता मनोज कुमार के निधन से दुखी हूं। अपनी देशभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों के लिए मशहूर 'भारत कुमार' ने मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को सजीव किया। उनका निधन हमारे सिनेमा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। उनके परिवार, दोस्तों और असंख्य प्रशंसकों के प्रति मेरी संवेदनाएं। मनोज कुमार को भारतीय सिनेमा में देशभक्ति पर आधारित फिल्मों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। उन्होंने 'शहीद', 'उपकार', 'पूरब और पश्चिम', 'क्रांति' जैसी फिल्में बनाई, जिनमें राष्ट्रीयता की भावना स्पष्ट रूप से झलकती है। मनोज कुमार का 87 वर्ष की आयु में मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में निधन हो गया। वह लंबे समय से हृदय संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। 1960 और 70 के दशक में उन्होंने अपनी फिल्मों के माध्यम से देशभक्ति की भावना को प्रबल किया और 'भारत कुमार' के रूप में मशहूर हुए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, अभिनेता अक्षय कुमार समेत फिल्म जगत और राजनीतिक हस्तियों ने भी उनके निधन पर शोक जताया।

### ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी से सहमा शेयर बाजार

# शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

एजेंसी



**नई दिल्ली :** अमेरिका की नई टैरिफ पॉलिसी का असर आज घरेलू शेयर बाजार पर भी नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरूआत गिरावट के साथ हुई थी। हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से कुछ रिकवरी भी होती हुई नजर आई, लेकिन पहले 20 मिनट के कारोबार के बाद ही चौतरफा बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांक गिरते चले गए। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 1.04 प्रतिशत और निफ्टी 1.33 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एचडीएफसी बैंक, टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और नेस्ले के शेयर 1.98 प्रतिशत से लेकर 0.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर ओएनजीसी, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, सिप्ला, टाटा मोटर्स और टाटा स्टील के शेयर 6.27 प्रतिशत से लेकर 5.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,404 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 444 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,960 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 6 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 24 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 7 शेयर हरे निशान में और 43 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज 135.27 अंक की कमजोरी के साथ 76,160.09 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होने के कुछ देर बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बनाया, जिससे यह सूचकांक 76,258.12 अंक के स्तर तक पहुंचने में सफल रहा, लेकिन खरीदारी का यह दौर अधिक देर तक नहीं चला। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसके कारण इस सूचकांक की गिरावट लगातार बढ़ती चली गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 794.99 अंक की कमजोरी के साथ 75,500.37 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 59.70 अंक लुढ़क कर 23,190.40 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। बाजार खुलने के कुछ देर बाद खरीदारी के सपोर्ट से यह सूचकांक उछल कर 23,214.70 अंक तक पहुंचा। इसके बाद बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया। लगातार हो रही बिकवाली के कारण यह सूचकांक गिर कर 22,921.60 अंक के स्तर तक पहुंच गया। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 308.60 अंक टूट कर 22,941.50 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन गुरुवार को सेंसेक्स 322.08 अंक यानी 0.42 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 76,295.36 अंक के स्तर पर बंद हुआ था।

## न्यूज IN ब्रीफ

### चैती छठ के चौथे दिन उदीयमान सूर्य को दिया गया अर्घ्य

**अररिया :** चैत्र मास में मनाया जाने वाला लोक आस्था के महापर्व छठ के अंतिम अर्थात चौथे दिन फारबिसगंज प्रखंड के परमान नदी सहित नहर,पोखर आदि में शुक्रवार की सुबह उदीयमान सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया गया।चैती छठ को लेकर गुरुवार शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य प्रदान करने के बाद शुक्रवार सुबह में बड़ी संख्या में छठव्रती छठ घाट पर जमा हुए और विधि विधान के साथ भगवान भास्कर की पूजा अर्चना कर उगते सूर्य को अर्घ्य प्रदान किया।घाट छठ से जुड़े लोक गीतों से गुंजायमान रहा।छठव्रती भी छठ गीतों को गुनगुनाते रहे।घाट पर जाने के लिए भक्त घर से अपने माथे या ठेलागाड़ी पर डाला लेकर पहुंचे। छठ को लेकर ज्योतिषाचार्य पंडित प्रमोद मिश्रा ने बताया कि किसी भी पर्व त्यौहार में उगते हुए सूर्य देव की ही पूजा अर्चना की जाती है, लेकिन छठ पूजा इसलिए भी खास है, क्योंकि यहां उगते और डूबते सूरज की पूजा की जाती है। मान्यता ऐसी है कि सूर्यास्त के बाद उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने से जीवन में चल रही सभी कठिनाइयां दूर होने के साथ सकारात्मक ऊर्जा का शरीर में संचार होता है। साथ ही सूर्य देव और छठी मां की कृपा से परिवार में सुख और शांति बनी रहती है।

### युवक की गोली मार कर हत्या

**सुलतानपुर :** कदीपुर कोतवाली क्षेत्र में एक युवक की गुरूवार की रात मोटर साइकिल सवार अज्ञात हमलावरों ने गोली मार कर हत्या कर दी।पुलिस हत्यारों की तलाश में जुट गई है। पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह ने शुक्रवार को बताया कि बीती रात कादीपुर कोतवाली अंतर्गत मलिकपुर नोनरा गांव के पास राकेश विश्वकर्मा (28) भोजन करने के बाद टहलने के लिए घर से निकले थे। घर से कुछ दूर पहुंचने पर उन्हें हथियारबंद मोटरसाइकिल सवारों ने गोली मार दी। परिजन घायल हालत में युवक को कादीपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मेडिकल कॉलेज में इलाज के दौरान युवक की मौत हो गई। इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है। प्रथम दृष्टया यह रंजिश का मामला प्रतीत होता है। कुछ संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### एडीजीपी सशस्त्र जम्मू-कश्मीर ने नव पदोन्नत अधिकारियों को किया सम्मानित

**जम्मू :** सशस्त्र पुलिस मुख्यालय जम्मू-कश्मीर में आयोजित एक समारोह में आनंद जैन आईपीएस अतिरिक्त महानिदेशक सशस्त्र पुलिस जम्मू-कश्मीर ने बशीर अहमद और नीलम शर्मा को उप पुलिस अधीक्षक पद से सम्मानित किया जिन्हें हाल ही में जम्मू-कश्मीर गृह विभाग के आदेश संख्या 176-गृह 2025 दिनांक 24-03-2025 के तहत उप पुलिस अधीक्षक (एम) के वर्तमान पद पर पदोन्नत किया गया था। नव पदोन्नत अधिकारियों को बधाई देते हुए एडीजीपी ने दोनों अधिकारियों और उनके परिवारों को भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने आशा व्यक्त की कि पदोन्नति से अधिकारियों को अपने कार्य में अधिक जोश और जिम्मेदारी के साथ काम करने की प्रेरणा मिलेगी और वह उसी जोश और उत्साह के साथ काम करना जारी रखेंगे। इस अवसर पर दलीप कुमार एसएसपी एस.ओ., एडीजीपी सशस्त्र सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

### ग्रामीणों का गोचरान भूमि व हक-हकूकों की सुरक्षा को धरन

**गुप्तकाशी :** केदारघाटी के रुद्रपुर के ग्रामीणों का आंदोलन 18वें दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने नारेबाजी के साथ क्रमिक धरना देते हुए शासन, प्रशासन और वन विभाग पर उपेक्षा का आरोप लगाया। कहाकिउन्हें धोखे में रखकर उनकीगोचरान भूमि को कब्जाने का प्रयास किया जा रहा है। महिला व युवक मंगल दल के पदाधिकारियों व सदस्यों के साथ अन्य ग्रामीणों ने धरना देते हुए कहा कि बीते 18 मार्च से वह आंदोलनरत हैं, पर उनकी सुध नहीं ली जा रही है। शासन स्तर पर अभी तक किसी भी सक्षम अधिकारी को वार्ता के लिए नहीं भेजा गया है। उन्होंने कहा कि सुप्रीप कोर्ट ने स्पष्ट कियाहै गोचरान भूमि पर किसी भी प्रकार का निर्माण नहीं हो सकता है, बावजूद फर्जी तरीके से उनकी गोचरान भूमि को कब्जा किया जा रहा है। पिटकुल के अधिकारी जो अनापत्ति पत्र बता रहे हैं, उसमें न तो कोई तिथि है और न किसी ग्रामीण या पदाधिकारी का नाम। कहा कि ग्रामीणों को बिना सूचना और विश्वास में लिये बगैर जिस तरह से कार्य करने का प्रयास किया गया, जो गलत है। कहा कि जब तक गोचरान भूमि और उनके हक-हकूकों की सुरक्षा को लेकर शासन स्तर पर उन्हें आश्वस्त नहीं किया जाता, वह आंदोलनरत रहेंगे। इस मौके पर नवीन शुक्ला, अमित शुक्ला, प्रदीप शुक्ला, सुभाष शुक्ला, दीपक शुक्ला, सुषमा देवी, मंजू देवी, रेखा देवी, गीता देवी आदि मौजूद थे।

### कृषि विभाग में क्लर्क की नौकरी के लिए सामने आया फर्जी नियुक्ति पत्र, एफआईआर दर्ज

**शिमला :** कृषि विभाग में क्लर्क की नौकरी के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र जारी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में पुलिस थाना छोटा शिमला में भारतीय न्याय संहिता की धारा 319(2), 318(4), 336(2) और 336(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह एफआईआर कृषि विभाग के उप सचिव की शिकायत पर दर्ज की गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार यह मामला तब सामने आया जब कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को 19 मार्च को व्हाट्सएप पर एक फर्जी नियुक्ति पत्र मिला। यह पत्र उनके नाम से जारी किया गया था और इसमें अनिश कुमार निवासी कांगड़ा को कृषि विभाग में नियुक्ति देने की बात कही गई थी। शिकायत के अनुसार इस फर्जी पत्र में अनिश कुमार को लोअर डिवीजन क्लर्क (एलडीसी) पद पर नियुक्त करने का उल्लेख किया गया जबकि कृषि विभाग में ऐसा कोई पद अस्तित्व में नहीं है। वर्तमान में इस पद को क्लर्क के रूप में स्वीकृत किया गया है जिसे अब जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (आईटी) के रूप में पुनः नामित किया गया है। इसके अलावा पत्र में नियुक्ति को नियमित बताया गया जबकि वर्ष 2007 से सरकार द्वारा सीधे भर्ती किए गए तृतीय श्रेणी पदों की नियुक्ति अनुबंध आधार पर की जाती है। इस फर्जी नियुक्ति पत्र को लेकर कृषि विभाग का काम सम्भाल रहे एक ठेकेदार की भूमिका की भी जांच की जा रही है। शिकायतकर्ता के अनुसार इस फर्जी नियुक्ति पत्र में कई अनियमितताएं थीं। इसमें विभाग के नाम की मोहर ₹कृषि निदेशालय, कृषि भवन बालूगंज, शिमला₹ के नाम से लगाई गई थी। जबकि इस प्रकार के पत्रों में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है। इसके अलावा पत्र के अंत में हस्ताक्षर किए गए थे, जबकि निदेशालय की मोहर लगे पत्रों में इस प्रकार हस्ताक्षर नहीं किए जाते। शिकायतकर्ता ने यह भी बताया कि 1 नवंबर 2024 को उनका पदोन्नति आदेश जारी हो चुका है और वे उप सचिव (कृषि) के पद पर कार्यरत हैं। लेकिन इस फर्जी पत्र में उन्हें अवर सचिव (कृषि) के रूप में दशार्या गया। शिकायतकर्ता अधिकारी ने संभावना जताई है कि इस प्रकार के अन्य फर्जी नियुक्ति पत्र भी जारी किए गए हो सकते हैं। उन्होंने 22 मार्च को इस संबंध में स्टेट विजिलेंस एंड एंटी करप्शन ब्यूरो शिमला को भी पत्र लिखा था। इसके बाद उन्होंने छोटा शिमला थाने में शिकायत की।

न्यूज ब्रीफ

## यूजी सेमेस्टर-2 की परीक्षा 23 अप्रैल से, विवि ने जारी की परीक्षा कार्यक्रम

**दुमका :** सिदो कान्हु मुर्मू विश्वविद्यालय दुमका के परीक्षा विभाग ने गुरुवार को यूजी सेमेस्टर-2, सत्र-2023-27 का परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया। उक्त परीक्षा 23 अप्रैल से 7 मई तक दोनों पालियों में ली जाएगी। परीक्षा के सफल संचालन के लिए परीक्षा विभाग द्वारा सभी विषयों को तीन ग्रुप में बांटा गया है। ग्रुप ए में केमेस्ट्री, जियोग्राफी, जियोलॉजी, गृह विज्ञान, फिजिक्स, मनोविज्ञान, जूलॉजी और कंप्यूटर एप्पलीकेशन विषय शामिल हैं। ग्रुप बी में बंगाली, बॉटनी, कॉमर्स, इंग्लिश, हिंदी, गणित, फिलॉसफी, संस्कृत, संथाली, सांख्यिकी, उर्दू, और फारसी, विषय शामिल हैं जबकि ग्रुप सी में ए आई एच एंड सी, एंथ्रोपोलॉजी, बैंकिंग एंड फाइनेंसियल सर्विसेज, गांधियन थॉट, इकोनॉमिक्स, इतिहास, एलएसडब्लू, मैनेजमेंट, राजनीति विज्ञान, रूलर इकोनॉमिक्स और सोशियोलॉजी शामिल हैं। यह परीक्षा 23 अप्रैल से शुरू हो रही है और 7 मई तक चलेगी। परीक्षा नियंत्रक डॉ. जय कुमार साह द्वारा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिमल प्रसाद सिंह के निर्देश पर परीक्षा कार्यक्रम जारी किया गया है, जिसे विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट से डाउनलोड किया जा सकता है। परीक्षा ओएसडी डॉ. इंद्रनील मंडल ने कहा इस परीक्षा में यूजी सत्र-2023-27 के साथ सत्र-2022-26 के सेमेस्टर-2 में प्रमोटेड या फैल छात्र-छात्राएं भी शामिल होंगें।

## संथाल परगना जस्टिस रेगुलेशन 1893 के प्रावधानों को लेकर हुई बैठक

**दुमका :** समाहरणालय के सभागार कक्ष में गुरुवार को जिले के उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में अपर समाहर्त्ता,अनुमंडल पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, सरकारी अधिवक्ता,माँझी / ग्राम प्रधान एवं अन्य प्रबुद्धजनों के साथ समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में संथाल सिविल रूल्स एवं संथाल परगना जस्टीस रेगुलेशन, 1893 के प्रावधानों को वर्तमान परिपेक्ष में प्रचलन में लाने हेतु प्रासंगिक रहने एवं विधिक पहलुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। बैठक में उपायुक्त द्वारा संथाल सिविल रूल्स एवं संथाल परगना जस्टीस रेगुलेशन, 1893 के प्रावधानों को वर्तमान परिप्रेक्ष्य में प्रचलन में लाने हेतु प्रासंगिक रहने एवं विधिक पहलुओं पर ग्राम प्रधानों से लिखित रूप में सुझाव मांगे गए।

ज्ञात हो कि राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग, झारखण्ड, राँची के अधिसूचना द्वारा संथाल सिविल रूल्स एवं संथाल परगना जस्टीस रेगुलेशन, 1893 के प्रावधानों को वर्तमान परिपेक्ष में प्रचलन में लाने हेतु प्रासंगिक रहने एवं विधिक पहलुओं पर समीक्षोपरान्त प्रतिवेदन समर्पित करने के निमित्त प्रमण्डलीय आयुक्त, संथाल परगना प्रमण्डल, दुमका की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया गया है जिसमें प्रमण्डलान्तर्गत सभी जिलों के अपर समाहर्त्ता सदस्य / सदस्य सचिव के रूप में सम्मलित है।

## नाबालिग को भगाने का आरोपी गया जेल

**मेदिनीनगर :** सदर थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिक को बहला-फुसलाकर भागने के आरोपी सदर थाना क्षेत्र के चियांकी निवासी 19 वर्षीय गौरव कुमार को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी संतोष कुमार गुप्ता ने बताया कि नाबालिक के परिजनों के आवेदन के आलोक में सदर थाना में मामला दर्ज कर विस्तृत अनुसंधान के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। इस दौरान पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी के घर से सकुशल नाबालिक को बरामद कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि एफआईआर दर्ज करने के महज 15 दिनों के भीतर पुलिस ने पेचीदा मामले का पूरी तरह से पटाक्षेप कर लिया है।

## डॉ मनीष रंजन जेएसएससी के नए अध्यक्ष बने



**बिनय मिश्रा :** भारतीय प्रशासनिक सेवा 2002 बैच के लोकप्रिय कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले डॉक्टर मनीष रंजन को गुरुवार को जेएसएससी का नया अध्यक्ष बनाया गया है, श्री रंजन इससे पूर्व झारखंड के कई महत्वपूर्ण विभागों में अपनी योगदान और सेवा दे चुके हैं, उनकी बेहतर कार्य प्रणाली और कर्मठता को देखते हुए राज्य सरकार ने यह महत्वपूर्ण जवाब दे ही उन्हें सौपी है,

## कस्तूरबा गांधी मनोहरपुर को प्रथम पुरस्कार



चाईबासा में आयोजित पी एम श्री विद्यालयों के लिए संस्कृति आदान प्रदान का कार्यक्रम सह प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ,जिसमें कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय मनोहरपुर को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया बच्चियों ने कालबेलिया समुदाय नृत्य का बेहतरीन प्रदर्शन किया नृत्य यह यूनेस्को के दर्शन में शामिल है एस एस प्लस टू हाई स्कूल जैतगढ़ को द्वितीय उत्क्रमित हाई स्कूल पिलका को तृतीय सांत्वना पुरुस्कार टाटा कॉलेज कॉलोनी स्कूल उत्क्रमित मवी हंसबड़ा व उत्क्रमित हाई स्कूल बालिका सदर को दिया गया।

## बागबेड़ा का कचरा साफ करेगी जुगसलाई नगर परिषद

जमशेदपुर। बागबेडा पंचायत क्षेत्र के कचरे को जुगसलाई नगर परिषद हटाएगी। पूर्व जिला पार्षद किशोर यादव के नेतृत्व में दर्जनभर लोगों ने सफाई की मांग पर अनुमंडल पदाधिकारी शताब्दी मजुमदार से कार्यालय मे मिलकर ज्ञापन सौंपा था। पंचायत प्रतिनिधियों ने मजार, गांधीनगर, रामनगर, थाना रोड, कीताडीह त्रिमूर्ति चौक, शिव मंदिर एवं अन्य ऐसे जगहों से रामनवमी आखाड़ा जुलुस व चैती दुर्गा पूजा विसर्जन जुलुस के मद्देनजर तत्काल साफ कराने की पर जोर दिया था। इससे जमशेदपुर के प्रखंड विकास पदाधिकारी और जुगसलाई नगर परिषद को सफाई का आदेश दिया गया।

## जुगसलाई में राजस्थान अस्पताल से होगा अल्ट्रासाउंड का एमओयू

जमशेदपुर। जुगसलाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए करनडीह नहीं जाना पड़ेगा। सिविल सर्जन के आदेश स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी जुगसलाई स्थित राजस्थान सेवा सदन अस्पताल से सरकारी दर पर अल्ट्रासाउंड करने के लिए एमओयू की तैयारी में जुटे हैं। बताया जाता है कि, जुगसलाई सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का अभी अल्ट्रासाउंड करने के लिए करनडीह स्थित जांच केंद्र से अनुबंध है। इससे डॉक्टर के सुझाव पर निःशुल्क अल्ट्रासाउंड कराने के लिए महिलाओं एवं अन्य मरीजों को किराया में ज्यादा राशि खर्च करनी पड़ती है। स्वास्थ्य केंद्र प्रभारी का प्रयास सफल होने से गरीब मरीजों को आर्थिक लाभ होगा।

# मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या धाम से जुड़ी हुई है श्री राम भक्त वीर हनुमान के जन्मस्थली आंजन धाम



**कौन सो काज कठिन जग माहि जो नहीं हुई तात तुम पाही**
**संकट मोचन बजरंगबली**
**ॐ -ओम वीर बजरंगी राम - लखन के संगी , जहां - जहां जाऊं फतेह के डंके ?? फराऊं , दुहाई ₹ माता - अंजनी ₹ की**

**जय श्री राम के अनन्य भक्त महावीर बजरंगी के जन्मस्थली अंजन धाम ( गुमला ) में महा रामनवमी उत्सव - त्योहार पर विशाल मेला का आयोजन किया जाता हैं, उक्त मेल में , झारखंड - मध्य प्रदेश - छत्तीसगढ़ - उड़ीसा सहित अन्य विदेशी पर्यटक श्री राम भक्तों का आगमन भी होता है।**

**गणपत लाल चौरसिया**




गुमला : मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या धाम और मयार्दा श्री पुरुषोत्तम राम के अनन्या भक्त वीर हनुमान की जन्मस्थली आंजन धाम से जुड़ी हुई हैं रामायण की कथाएं , मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम की जन्म उत्सव पर सनातनी हिंदू धर्मलंबियों द्वारा श्रीमहारामनवमी उत्सव (त्यौहार) पर श्री राम भक्त श्री वीर हनुमान ( श्री बजरंग बली ) के जन्मस्थली , अंजन धाम गुमला में लगता हैं , विशाल - भव्य मेला , जिला मुख्यालय से मात्र 18 किलोमीटर दूर स्थित अंजन धाम में उक्त मेले में विशेष कर समस्त झारखंड , मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ , उड़ीसा सहित पूरे भारत वर्ष सहित श्री राम भक्त विदेशी पर्यटकों का भी , आगमन होता है , और श्री राम भक्त वीर हनुमान आंजन धाम में अपने - अपने मनोकामनाएं पूर्ण होने पर पुणः आंजन धाम में माथा टेकने जरूर पहुंचते हैं बाल रुप में माता अंजनी की गोद में (विराजमान ) बैठे हुए हैं , श्री राम भक्त श्री वीर हनुमान भारत देश में यह एक अनोखा और एक मात्र मंदिर है , जहां माता अंजनी की गोद में बाल रुप में श्री वीर हनुमान बैठे हुए हैं, मान्यता है कि श्री वीर बजरंगी जी , का यही जन्म हुआ है , इसलिए यहां के लोग अपने आपको , श्री वीर हनुमान का वंशज मानते हैं और अपने आपमें खुब इतराते हैं, और अपने आपकों धन्य मानते हैं, गुमला जिला मुख्यालय से मात्र 18 किलोमीटर दूर स्थित है , श्री राम भक्त वीर हनुमान जी का जन्मस्थली आंजन धाम और उक्त आंजन धाम से लगभग तीन किलोमीटर दूर , हरें - भरें मनोरम दृश्यों के बीच स्थित जंगल पहाड़ों की ऊंचाई पर स्थित है माताश्री अंजनी की गुफा, जहां माता अंजनी ने , मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के अनन्य भक्त श्री वीर हनुमान को जन्म दिया था, जहां माता अंजनी के गोद में श्री वीर हनुमान विराजमान हैं, बदलते वक्त के साथ बहुत सारे बदलाव भी आए हैं , आंजन धाम में , अंजनी माता के गुफा तक पहूचने के लिए अच्छे सुन्दर सड़क , तरुण द्वार , भव्य मंदिर का निर्माण किया गया हैं और ऊपर पहाड़ में स्थित माता अंजनी गुफा तक पहुंचने के लिए टाइल्स लगे हुए सीढ़ियों का निर्माण भी किया गया है , जहां के मुख्य द्वार के ऊपर विशाल घंटा लगाया गया है , जिसकी आवाज पूरे अंजन धाम की वादियों में गूंजता रहता है ,खुले आसमान और प्राकृतिक कायनात के नीचे हरियालियों के बीच पहाड़ की ऊंचाई पर स्थित आंजन धाम मंदिर ( गुमला ) में , माताश्री अंजनी की गोद में बालरूप में विराजमान श्री वीर हनुमान (बजरंग बली) का अद्भुत रूप मनकों मोहित करती हैं और परम आनंद की अनुभूति प्रदान करती है , वहीं पहाड़ के ऊपर स्थित मंदिर का अद्भुत विहंगम दृश्य देखकर मन प्रफुल्लित हो उठता हैं , और समय समय पर श्रद्धालु भक्तों द्वारा बजायें गये घंटा की आवाज पूरे वादियों में गूंजती रहती है और प्रतिध्वनि की आवाज सुनाई



पड़ती हैं , अपने भारत देश के कश्मीर से काम नहीं है , झारखंड राज्य का स्वर्ग से सुंदर यह , अंजन धाम , जिसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वह कम होगी , यहां की मनोरम दृश्य आप स्वयं आकर देखें , मान्यता है कि , वानरराज श्री श्री 108 श्री, केसरी नंदन और माताश्री अंजनी के पुत्र आंजन धाम के बालाजी सरकार , श्री राम भक्त वीर हनुमान विराजमान हैं अपने माताश्री अंजनी माता के गोद में , देवों के देव कैलाशपति हर हर महादेव के रुद्र अवतार हैं , श्री वीर बजरंगी - श्री वीर हनुमान जी के जन्म से पूर्व माताश्री अंजनी अपने आराध्या देवों के देव महादेव ( कैलाशपति हर हर महादेव ) की भक्त माताश्री अंजनी ने अपने अंजन धाम में स्थित गुफा में श्री केसरी जी के साथ वास करते हुए, और कठिन तपस्या और अंजन धाम स्थित 365 शिवलिंग पर 365 तालाबों जल और 365 महुआ पेड़ के फूल अर्पित कर , श्री श्री 108 श्री देवों के देव महादेव पर जलाभिषेक करती थी, फलस्वरूप देवों के देव महादेव को प्रसन्न कर भोले बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करते हुए , श्री श्री 108 श्री वानर राज , केसरी - नंदन और माताश्री अंजनी के लाल बालाजी सरकार श्री वीर हनुमान - श्री बजरंगबली का साक्षात देवों के देव महादेव के आशीर्वाद से , बाबा भोलेनाथ महादेव के रुद्र अवतार के रूप में और अपने पुत्र के रूप में जन्म देकर श्री वीर हनुमान को प्राप्त किया और मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम के भक्त के रूप में , अजर - अमर वरदान प्राप्त श्री वीर हनुमान को समस्त सनातनी हिन्दू धर्मलंम्बियों ने अपने आराध्य के रूप में स्वीकार किया है, और उनके जन्मस्थली और पावन धरती आंजन धाम में पहुंचकर अपने आप को धन्य मानते - समझते और महसूस करते हैं , आंजन धाम के बालाजी सरकार , श्री बजरंगबली के जन्मस्थली के पवन भूमि में श्री राम जन्म उत्सव के रूप में रामनवमी उत्सव त्योहार पर अंजन धाम में विशाल मेले का इतिहास काफी पुराना हैं , लेकिन अब बदलते परिवेश में उक्त मेला का भी स्वरूप में परिवर्तन आया हैं, दूर दराज के भक्तों और पर्यटकों का जुटान वर्ष प्रतिपदा के दिन से ही अंजन धाम में सनातनी हिन्दू धर्मलंम्बियों द्वारा विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान मंत्रोच्चारण का शंखनाद प्रारंभ हो जाता हैं, प्रत्येक वर्ष श्री रामनवमी उत्सव त्योहार पर भव्य आकर्षक रामनवमी का त्यौहार बहुत ही भव्य , गर्व , अंजन धाम की आन , बान , शान , सम्मान और धूमधाम से , रामनवमी महोत्सव का त्योहार विशेष कर सनातनी हिन्दू धर्मलम्बी , भक्तो , श्रद्धालुओं द्वारा मनाया जाता हैं और अंजन धाम में लगातार गूंजते रहते हैं ,गगन भेदी नारा - जय श्री राम - श्री राम + लखन + जानकी + जय बोलो हनुमान की आदि नारों से पूरा आंजन धाम गंजे मन होता रहता है । श्री अंजन धाम अपने आप में विभिन्न रहस्यों को समेटे हुए , यहां विभिन्न आकार प्रकार के गुफाएं और कंधराएं हैं, जहां एक विशालकाय अद्भुत आकर्षक सांप का बसेरा भी हैं जिनका दर्शन और आशीर्वाद प्राप्ति करना दुर्लभ है । एक बार अवश्य पधारे अपने आराध्या श्री वीर हनुमान के जन्मस्थली अंजन धाम आप आश्चर्यचकित रह जाएंगे , जब यहां आएंगे और यहां की अद्भुत प्राकृतिक छटाएं विद्यमान हैं मनोरम दृश्य देखकर और प्राकृतिक का अनमोल खजाना जखीरा देखकर खो जायेंगे, मयार्दा पुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र भगवान की जन्मस्थली अयोध्या उत्तर प्रदेश और श्री वीर हनुमान श्री बजरंग बली के जन्मस्थली गुमला झारखण्ड का एक बहुत ही गहरा नाता है , जिसे मात्रा और मात्र सनातनी हिन्दू धर्मावलंबी ही समझ सकते हैं और महसूस कर सकते हैं । जय श्री राम , जिला मुख्यालय गुमला से टोटो ग्राम होते हुए, प्रसिद्ध आंजन धाम मंदिर तक पहुंचा जा सकता हैं।

# जमशेदपुर एफसी का जलवा: मोहन बागान को 2-1 से रौंदकर सेमीफाइनल में पहुंचा



**सुमित सिंह**

**जमशेदपुर :** जमशेदपुर एफसी ( ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 के सेमीफाइनल के पहले लेग में मोहन बागान सुपर जायंट को 2-1 से हराकर शानदार जीत हासिल की। जमशेदपुर के लिए यह जीत इसलिए खास रही क्योंकि उन्होंने लीग शील्ड विजेता और टूनार्मेंट की मजबूत टीम मोहन बागान को हराकर सभी को चौंका दिया।

मैच में जमशेदपुर ने पहले हाफ में दबदबा बनाया। 35वें मिनट में स्टीफन एजे ने शानदार हेडर से गोल दागकर स्कोर 1-0 कर दिया। यह गोल निखिल बरला के सटीक क्रॉस पर आया, जिसे एजे ने बॉक्स के अंदर से हेडर के जरिए नेट में पहुंचाया। दूसरे हाफ में मोहन बागान ने वापसी की कोशिश की और 80वें मिनट में दिमित्रियोस पेट्राटोस ने गोल कर- के स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। हालांकि, जमशेदपुर ने हार नहीं मानी और 90वें मिनट में कप्तान जावी हर्नांडेज ने रित्विक दास के बेहतरीन असिस्ट पर बाएं पैर से शानदार शॉट लगाकर 2-1 की बढ़त दिलाई। यह गोल निर्णायक साबित हुआ और स्टेडियम में मौजूद फैंस का जोश देखते बनता था।

जमशेदपुर के गोलकीपर अल्बिनो गोम्स ने भी कई शानदार बचाव किए, खासकर पहले हाफ में जब मोहन बागान का शॉट क्रॉसबार से टकराया था। दूसरी ओर, मोहन बागान ने कई मौके बनाए, लेकिन उनकी फिनिशिंग में कमी रही। यह जीत जमशेदपुर के लिए अहम है, क्योंकि वे पिछले छह कछ मुकाबलों में मोहन बागान से नहीं जीत पाए थे। अब दूसरा लेग 7 अप्रैल को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन में खेला जाएगा, जहां मोहन बागान वापसी की पूरी कोशिश करेगा।जमशेदपुर के कोच खालिद जमील ने टीम की मेहनत और एकजुटता की तारीफ की, वहीं मोहन बागान के कोच जोस मौलिना ने स्वीकार किया कि उनकी टीम को फाइनल में पहुंचने के लिए अगले लेग में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। यह सेमीफाइनल अब और रोमांचक हो गया है !

# नरवा पहाड़ में चैती दुर्गापूजा की धूम, पंडाल का पट खुला



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**जमशेदपुर :** जादूगोड़ा के नरवा पहाड़ स्थित मुर्गाघुटू में चैती दुर्गा पूजा धूमधाम से हो रही है। गुरुवार की शाम पंडाल का पट भक्तों के लिए खोल दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के पुत्र भाजपा नेता बाबूलाल सोरेन ने फीता कटकर पंडाल का उद्घाटन किया। पंडाल का पट खुलने के साथ ही मां दुर्गा के जयकारे से नरवा पहाड़ गूंज उठा।

आयोजन समिति के निताई चांद ने कहा कि शुक्रवार को सप्तमी पूजा होगी। सुबह 9 बजे कलश यात्रा के साथ घट की स्थापना की जाएगी। 5 अप्रैल को अष्टमी पूजा, सुबह 9 बजे से प्रारंभ होकर दोपहर 12 बजे तक होगी। इस दौरान पुष्पांजलि भी होगी। 6 अप्रैल को नवमी पूजा के दिन महावीरी झंडा जुलूस निकलेगा। शाम पांच बजे कुंवारी पूजा के बाद संध्या 6 बजे खिचड़ी भोग वितरण किया जाएगा। रात आठ बजे से आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया है।

# धनबाद में मोहसिम बजायेंगे नगाड़ा, गुड़िया चलायेंगी तलवार

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**धनबाद :** रामनवमी को लेकर कोयलांचल का हर वर्ग उत्साह है। इलाके में जय श्री राम गूंज रहा है। पुराना बाजार, बरमसिया, हीरापुर, दरी मुहल्ला में अखाड़ा दलों का अभ्यास चल रहा है। हटिया मोड़ पर बांस बल्ली बेचनेवाले जमील कहते हैं कि वह लगभग बीस सालों से रामनवमी में बांस बल्ली बेच रहे हैं। जब केसरिया ध्वज, बांस बल्ली से बाजार पट जाता है, तो वह उत्साह से भर जाते हैं। बांस बेचकर उन्हें अच्छी आमदनी होती है। भक्त अपनी जरूरत के हिसाब से छोटा व बड़ा बांस लेते हैं।

व्यावसायिक समिति रामनवमी अखाड़ा दल हटिया हीरापुर द्वारा निकाले जानेवाले अखाड़ा में हीरापुर के रहनेवाले मो मोहसिन खान 42 साल से नगाड़ा बजा रहे हैं। नगाड़े की थाप पर खिलाड़ी हैरत अंगेज करतब दिखाते हैं। मोहसिन कहते हैं युवावस्था से ही वह अखाड़ा दल का हिस्सा हैं। आज उम्र के सातवें दशक में भी रामनवमी आने पर मन में उमंग जग जाता है। जब तक जान है, तब तक नगाड़ा बजाते रहेंगे।

पुराना बाजार वीर कुंवर सिंह व वीर बर्बरीक अखाड़ा दल के 85 वर्षीय बुजुर्ग महावीर अग्रवाल 70 सालों से अखड़ा में लााठी व तलवार भांज रहे हैं। उन्होंने बताया 15 साल की उम्र से वह अखाड़ा दल में शामिल हैं। वह अखाड़ा के संस्थापक सदस्य हैं और उन्हें उस्ताद माना जाता है। कहते हैं रामनवमी आते ही पुराने दिन याद आ जाते हैं। आज भी उसी उत्साह से तलवार भांजता हूं। प्रभु श्री राम के चरणों में नतमस्तक होता हूं।

पुराना बाजार टेंपल रोड के रहनेवाले मंजूर आलम की पुत्री गुड़िया छह साल की उम्र से पुराना बाजार वीर कुंवर सिंह व वीर बर्बरीक अखाड़ा दल में करतब दिखा रही हैं। तलवार भांजने में माहिर गुड़िया कई पुरस्कार जीत चुकी हैं। पटना में उनका विवाह हुआ है, लेकिन हर साल रामनवमी में अखाड़ा खेलने धनबाद आती है। पांच अप्रैल को अखाड़ा खेलने धनबाद पहुंच जायेंगी। बीस सालों से वह अखाड़ा दल में करतब दिखाती हैं।

